राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 12 अंक: 122 पृष्ठ: 12 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल की तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

## पहलवान वापस करेंगे मेडल !

### धरने पर बैठे पहलवान अपना मेडल वापस करेंगे, संघ के अध्यक्ष की गिरफ्तारी और इस्तीफे की मांग पर अड़े

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरने पर बैठे पहलवान का 12वां दिन है। संघ के अध्यक्ष की गिरफ्तारी और इस्तीफे की मांग पर अड़े पहलवान अब मेडल वापसी की बात कह रहे हैं। धरने में शामिल महिला पहलवान विनेश फोगाट ने गुरुवार को कहा कि वो सभी लोग अपने-अपने मेडल वापस करेंगे। विनेश ने कहा कि उनका करियर दांव पर लगा हुआ है। वहीं, धरने में शामिल पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा है कि मामले में गिरफ्तारी हो जाएगी तो हम सब चले जाएंगे। इधर पहलवानों के साथ हुए हंगामा के बाद सुबह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का बयान आया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि देश के चैम्पियन खिलाड़ियों के साथ इतना गलत बर्ताव क्यो..? ये बेहद दुखद और शर्मनाक है। घमंड में पूरी भाजपा का दिमाग खराब हो चुका है। ये लोग सिर्फ गुंडागर्दी से सारा सिस्टम हांकना चाहते हैं। इन्होंने पूरे सिस्टम का मजाक बनाकर रख दिया है। देश के सभी लोगों से मेरी अपील- अब बस अब और नहीं भाजपा की गुंडागर्दी बर्दाश्त मत करो, भाजपा को उखाड़ने के साथ अब इन्हें भगाने का वक्त भी आ गया है। इस बीच पुलिस ने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को सिविल लाइन थाने से सुबह रिहा किया। इसके बाद फिर वह पहलवानों से मिलने जंतर-मंतर पर पहुंची। स्वाति का आरोप है कि दिल्ली पुलिस पूरी तरह से गुंडागर्दी पर उतारू हो गई है।

### किसानों के जंतर मंतर पहुंचने की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जंतर-मंतर पर चल रहे पहलवानों के प्रदर्शन को लेकर दिल्ली के अन्य राज्यों से लगने वाली सीमाओं पर पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। इसके साथ ही, सभी बॉर्डर पर पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। इसी कड़ी में दिल्ली के हरियाणा के फरीदाबाद से लगने वाली सीमा बदरपुर बॉर्डर पर गुरुवार सुबह से चौकसी बढ़ाई गई है।



### भाजपा सरकार के लिए 'बेटी बचाओ' सिर्फ ढोंग : राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों पर हुए कथित दुर्व्यवहार पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि देश के खिलाड़ियों के साथ ऐसा बर्ताव शर्मनाक है। बेटी बचाओ' बस ढोंग है! राहुल गांधी ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि देश के खिलाड़ियों के साथ ऐसा बर्ताव शर्मनाक है। 'बेटी बचाओ' बस ढोंग है! असल में भारतीय जनता पार्टी भारत की बेटियों पर अत्याचार करने से कभी पीछे नहीं हटी है। उल्लेखनीय है कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर कुछ महिला पहलवानों ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। बीती रात धरने पर बैठे खिलाडियों और पुलिस के बीच कथित झगड़े का मामला सामने आया। खिलाड़ियों का आरोप है कि पुलिस ने उनपर लाठियां चलाईं, जिससे कुछ लोगों को चोटें आई हैं। हालांकि डीसीपी प्रणव तयाल का कहना है कि जंतर-मंतर पर पहलवानों के धरने के दौरान आप नेता सोमनाथ भारती बिना इजाजत के फोल्डिंग बेड लेकर धरनास्थल पर आए। जब पुलिस ने इसके लिए मना किया तो पहलवान आक्रामक हो गए और ट्रक से बेड निकालने की कोशिश की।

### जम्मू-कश्मीर में लश्कर के दो आतंकी ढेर



**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**जम्मू-कश्मीर** के बारामूला में वनिगम पायीन क्रेरी इलाके में सुरक्षा बलों ने गुरुवार को 2 आतंकवादियों को ढेर कर दिया। तड़के इलाके में आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद वहां सर्च ऑपरेशन चलाया गया। आतंकियों ने फायरिंग की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। कश्मीर जोन पुलिस ने ट्वीट कर बताया कि यह पुलिस और सेना का जॉइंट ऑपरेशन था। जिसे 29RR, सेंट्रल रिजर्व पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मिलकर चलाया। आतंकियों के पास से 1 AK-47, 1 पिस्टल और गोला बारूद बरामद किया गया है। ADGP कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि मारे गए दोनों आतंकवादी स्थानीय थे।

### 'कार्यकर्ताओं की मांग का सम्मान होगा'



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**शरद** पवार के एनसीपी अध्यक्ष पद से इस्तीफे का पार्टी कार्यकर्ता लगातार विरोध कर रहे हैं। इस पर पवार ने गुरुवार को कहा कि कार्यकर्ताओं की मांग का सम्मान किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे दुख है कि कार्यकर्ताओं से बिना बात किए ही मैंने इस्तीफा दे दिया। अब 5 मई को 15 सदस्यीय कमेटी जो फैसला लेगी, मुझे मंजूर होगा। इधर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने भी उनसे फैसला वापस लेने की अपील की थी। एनसीपी सूत्रों के मुताबिक मंगलवार को शरद पवार के इस्तीफे के ऐलान के कुछ घंटों के अंदर ही दोनों ने सुप्रिया सुले को फोन करके यह बात कही थी। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि राहुल और स्टालिन दोनों ही यह जानना चाहते थे कि पवार ने पार्टी अध्यक्ष का पद छोड़ने का फैसला क्यों किया है। दोनों नेताओं ने पवार की बेटी और एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले को फोन करके कहा था कि वे अपने पिता को इस्तीफा वापस लेने के लिए मनाएं। दोनों का कहना था कि पवार को अपने फैसले के बारे में फिर से सोचना चाहिए। 82 साल के एनसीपी चीफ शरद पवार ने मंगलवार को जब इस्तीफे का ऐलान किया, उसके बाद से ही पार्टी कार्यकर्ता उनके फैसले का विरोध कर रहे हैं। एनसीपी सूत्रों के हवाले पता चला है कि पवार के अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद कई गैर-भाजपा पार्टियों के नेताओं ने उन्हें अगले लोकसभा चुनाव पार्टी अध्यक्ष बने रहने की सलाह दी थी। बुधवार को पवार ने भी कहा था कि उन पर इस्तीफा वापस लेने के लिए भारी दबाव है।

### भाईचारे का सरदार चला गया: शाह

#### पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल की अंतिम अरदास हुई, कड़े विरोध के बाद भी एकता के लिए डटे रहे: अमित शाह

**आंखे हुई नम**

- **बादल साहब के हमारे बीच में न रहने से जो क्षति हुई है, उसे भर पाना मुश्किल है: केंद्रीय गृह मंत्री**



**टीम एक्शन इंडिया/बादल (मुक्तसर)**
**पंजाब** के पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल की अंतिम अरदास हुई। पैतृक गांव बादल में आयोजित समागम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी पहुंचे। गृह मंत्री ने पहुंचते ही पूर्व सीएम बादल को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि बादल साहब के हमारे बीच में न रहने से जो क्षति हुई है, उसे भर पाना मुश्किल है। सिखों ने अपना सिपाही, देश ने भगत खोया है। किसानों ने अपना सच्चा हम दर्द खोया है। 70 साल के सार्वजनिक जीवन के बाद कोई चला जाए और कोई दुश्मन ना हो, यह संभव नहीं। लेकिन प्रकाश सिंह बादल उसकी मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि मैं कई बार बादल साहब से मिला। जब भी मिला कुछ सीखने को मिला।

### बिहार में जातीय गणना पर हाईकोर्ट की रोक

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार में** हो रही जातीय गणना पर गुरुवार को पटना हाईकोर्ट ने रोक लगा दी। चीफ जस्टिस विनोद चंद्रन की बेंच ने आदेश दिया है कि गणना तत्काल रोकी जाए। इससे पहले हाईकोर्ट में मामले को लेकर 2 दिन सुनवाई हुई थी। इसके बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। हाईकोर्ट ने कहा कि अब तक जो डेटा कलेक्ट हुआ है, उसे नष्ट नहीं किया जाए। मामले पर अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि जाति आधारित गणना सर्वसम्मति से कराई जा रही है। हम लोगों ने केंद्र से इसकी अनुमति ली है। हम पहले चाहते थे कि पूरे देश में जाति आधारित जनगणना हो, लेकिन जब केंद्र सरकार नहीं मानी तो हम लोगों ने जाति आधारित गणना सह आर्थिक सर्वे कराने का फैसला लिया।

**निगम चुनाव** देश के पहले नगर निगम पर पूर्ण बहुमत से कांग्रेस का कब्जा

### शिमला कांग्रेस के साथ, भाजपा का सूपड़ा साफ

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
**देश** के सबसे पुराने व हिमाचल की राजनीति में मिनी विधानसभा के नाम से विख्यात नगर निगम शिमला के चुनाव में कांग्रेस ने जीत का परचम लहराया है। 2 मई को हुए चुनाव के मतों की हुई गणना में कांग्रेस ने 24 सीटें हासिल कर पूर्ण बहुमत के साथ नगर निगम पर कब्जा कर लिया है। नगर निगम के सभी 34 वार्डों के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार 24 सीटों पर विजयी रहे हैं। भाजपा केवल 9 सीटों पर सिमट कर रह गई जबकि एक सीट पर माकपा उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। इसी के साथ पांच सालों तक नगर निगम शिमला पर राज करने वाली भाजपा का सूपड़ा साफ हो गह है। नाबकी आम आदमी पार्टी अपने किसी भी



उम्मीदवार कज जमानत भी नहीं बचा पाई। विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की हिमाचल में ये दूसरी बड़ी जीत है। पार्टी ने पालमपुर नगर निगम में वार्ड नम्बर दो के लिए हुए उपचुनाव को भी जीत लिया है। यहां कांग्रेस की राधा सूद विजयी फाही हैं।वार्ड नम्बर एक भराड़ी से भाजपा की मीना चौहान विजयी रही। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस उम्मीदवार जितेंद्र चौधरी को पराजित किया। वार्ड नम्बर दो रूलदू भट्टा से भाजपा की सरोज ठाकुर ने कांग्रेस की सत्या वर्मा को पराजित किया। वार्ड नम्बर तीन कैथू से कांग्रेस की कांता सुयाल विजयी रही। उन्होंने भाजपा के कमलजीत को पराजित किया।

वार्ड नम्बर चार अनाडेल से कांग्रेस उम्मीदवार उर्मिला कश्यप को विजयी घोषित किया गया।



# मुख्यमंत्री ने लाहौल-स्पिति जिला के लिए चार बचाव वाहनों को हरी झंडी दिखाई

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/केलांग/राज अग्रवाल/अंगारिया**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को से जिला लाहौल-स्पिति के लिए बचाव कार्यों,कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा शरद ऋ तु में बर्फ बारी तथा अन्य आपदाओं के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया के लिए चार फ ोर्स गुरखा वाहनों को हरी झंडी दिखाई। आईसीआईसीआई फ ाऊंडेशन द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत यह वाहन प्रदान किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वाहन शून्य से लेकर माइनस 30 डिग्री तापमान वाले क्षेत्रों में प्रभावी सिद्ध होंगे। इन वाहनों की इंजन क्षमता तथा ग्राउंड क्लीयरेंस बेहतर है, जो लाहौल-स्पिति की



कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के लिए उपयुक्त है। उन्होंने कहा कि जिला में बादल फ टने तथा हिमस्खलन जैसी घटनाएं आम हैं।

ऐसे में आम जनता की कठिनाईयों को कम करने एवं राहत व बचाव कार्यो में इन वाहनों से मदद मिलेगी। यह वाहन बचाव दल तथा अन्य उपकरणों के तीव्र आवागमन में सहायक सिद्ध होंगे, जिससे बहुमूल्य जानें बचाई जा सकेंगी।लाहौल-स्पिति जिला के लिए यह वाहन प्रदान करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि यह कदम प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों के लोगों के प्रति मुख्यमंत्री की संवेदनाओं को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के हाल ही में स्पिति घाटी के प्रवास के दौरान यह मुद्दा उठाया गया था और सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर लोगों की इस मांग को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि स्पीति घाटी की जनता मुख्यमंत्री की इस उदारता के लिए आभारी है।

## विधानसभा सचिवालय में कल्याण समिति की बैठकें आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

कल्याण समिति की 03 व 04 मई, 2023 की बैठकें कार्यकारी सभापति, विनोद कुमार की अध्यक्षता में सम्पन हुई। इन बैठकों में यादविन्द्र गोमा, इन्द्र सिंह, रीना कश्यप, मलेन्द्र राजन, लोकेन्द्र कुमार, दीप राज, सुरेश कुमार, सुदर्शन सिंह बबलू व विनोद सुल्तापुरी सदस्यों ने भाग लिया। इन बैठकों मे समिति ने समाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित बलात्कार, बाल उत्पीड? और ऑब्जांक्टिफि केशन पृष्टभूमि के नाबालिग पीड़ितों के पुनर्वास के लिए योजनाओ से संम्बधित प्रश्नावली के विभागीय उत्तरों का अवलोकन किया गया तथा अवलोकनोपरान्त इस पर मूल प्रतिवेदन बनाने का निर्णय लिया। इसके अतिरिक्त समिति ने प्रदेश में संचालित 'मुख्यमन्त्री बाल सुपोषण योजनाइ का आलोकन कर इस पर पुन:विचार-विमर्श हेतु आगामी बैठक मे रखने का निर्णय भी लिया।

## मरम्मत को तरस रहा वाटर स्टोरेज टैंक

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

आंज भोज क्षेत्र के टॉरुं डिस्पेंसरी के नजदीक बने स्टोर टैंक में पानी की गूंगा टिम्बी सप्लाई ना करने की वजह से स्टोर टैंक से पानी का ओवरफ्लो हो रहा है। स्टोर टैंक जर्जर हालत में खड़ा है। इसके चारों तरफ जो सुरक्षा दीवार बनाई गई है वो भी ढह चुकी है जिसके कारण स्टोर टैंक को भविष्य में नुकसान हो सकता है। इसी गांव के अंतर सिंह, पंची राम, जगत सिंह तोमर, खत्री राम, अतर सिंह, शाम सिंह तोमर, मदन सिंह तोमर, कंवर सिंह तोमर ने बताया कि टैंक के ठीक ऊपर पंप हाउस का कमरा बना हुआ है जिसमें अक्सर विभागीय कर्मचारी 12 बजे पहुंचते हैं तथा मात्र 2 घंटे के लिए पम्प को चलाते है जिसकी वजह से इस स्टोर टैंक में पानी ओवरफ्लो हो जाता है। उन्हें अपने पीने के लिए दो बाल्टियों से ही संतुष्ट होना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब से यह टैंक बना है विभाग ने इसे मुरम्मत कार्य



करने की जहमत तक नहीं उठाई है। यह स्टोरेज टैंक टॉरुं एडण्डा आंज के साथ लगते लगभग 200 परिवारों को जल उपलब्ध करवाता है। अगर विभाग ने इसकी मरम्मत कार्य जल्द नही किया तो निकट भविष्य में इन क्षेत्रों में जल संकट गहरा सकता है।उल्लेखनीय है कि धमोग से टॉरुं के गुगा टिम्बी के लिए एकमात्र योजना 25 साल पहले शुरू किया गया था। इस योजना के तहत नघेता, टॉरुं, डण्डा आंज के साथ लगते दर्जनों परिवारों को पानी की उपलब्धता करने में मदद करती हैं। लोगों की माने तो विभाग ने आज तक इस परियोजना में कोई भी मुरम्मत कार्य नहीं किया है। यह इन ऊँचे क्षेत्रों के लिए एकमात्र योजना है।उधर इस मामले में विभाग के एक्सईएन अरशद रहमान ने बताया कि विभागीय कर्मचारियों को सप्लाई को समय पर चलाने के आदेश दे दिये गए हैं।

## न्यूज फ्लैश

### ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड में स्वर्ण पदक हासिल कर छाएं



**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

शहर के अग्रणी व प्रतिष्ठित ऑक्सफ ोर्ड इंटरनेशनल स्कूल हमीरपुर में मैथ्स ओलम्पियार्ड फ उंडेशन की तरफ से करवाए गए इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड में बच्चों में स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय में अध्यापक वर्ग व अभिभावकों का नाम रोशन किया। इस मैथ्स ओलंपियाड में कक्षा 1 से लेकर आठवीं तक के सभी बच्चों ने बढ़ चढकर भाग लिया था जिसमें से निक्षित, ईशल, आद्विक, शौर्य पुरी ने गोल्ड मेडल तथा रुद्रांश सोनी, मन्नत, अवनी, अनाया, कार्तिक ठाकुर शौर्य ठाकुर ने सिल्वर मेडल और सीरत, आराध्या, गुरलीन अलेगजीना ने ब्रॉन्ज मेडल तथा अन्य भी बहुत से बच्चों ने भागीदारी प्रमाण पत्र प्राप्त करके अपने विद्यालय और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक ताराचंद, चेयरमैन विकास दीक्षित व मुख्य अध्यापिका रेशमा दीक्षित ने प्रतिभागी छात्रों को मेडल सर्टिफि केट व प्रदान करते हुए उनकी इस उपलब्धि की बधाई दी तथा अन्य छात्रों को भी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

एसमएल-07

### थॉमसन पब्लिक स्कूल घुमारवीं के विद्यार्थियों ने राजकीय हाइड्रो अभियांत्रिकी महाविद्यालय बन्दला का किया शैक्षणिक भ्रमण

**टीम एक्शन इंडिया/घुमारवीं/नीरज शर्मा**



थॉमसन पब्लिक स्कूल घुमारवीं के विद्यार्थियों ने राजकीय हाइड्रो अभियांत्रिकी महाविद्यालय बन्दला बिलासपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। हिमाचल प्रदेश में हाइड्रो अभियंत्रिकी का यह पहला महाविद्यालय है। इस भ्रमण के दौरान बच्चों ने सभी विभागों की जानकारी हासिल की,साथ ही इस महाविद्यालय में चल रहे सिविल और इलेक्ट्रिकल क्षेत्र का भी परिचय प्राप्त किया। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को अपने भविष्य को संवारने के प्रति सजग और जागरूक किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य नीलम शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह की शैक्षणिक गतिविधियां तथा शैक्षणिक भ्रमण नितांत आवश्यक है तथा भविष्य में भी पाठशाला की तरफ से ऐसे ही ज्ञानवर्धक भ्रमण का कार्य चलता रहेगा। ताकि बच्चे पढ़ाई के अलावा विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी हासिल कर सकें और इन्हें अपना लक्ष्य बनाकर जिंदगी में सफलता हासिल करें।

## भारतीय जनता पार्टी जनमत का सम्मान करते हुए इसे स्वीकार करती है : बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिन्दल ने कहा कि शिमला नगर निगम चुनावो का परिणाम कांग्रेस पार्टी के पक्ष में आया है। भारतीय जनता पार्टी जनमत का सम्मान करते हुए इसे स्वीकार करती है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने जीतोड़ मेहनत की और चुनाव अभियान को चरम सीमा तक पहुंचाया।

भाजपा का मानना है कि नई बनी हुई प्रदेश कांग्रेस सरकार का प्रभाव नगर निगम चुनाव परिणामों में स्पष्ट रूप से दिखाई



देता है। डॉ. बिन्दल ने भाजपा कार्यकर्ताओं का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि इन चुनावों में कार्यकताओं ने हर प्रकार के दबाव के बावजूद भारी मेहनत से चुनावों में पार्टी का काम किया। उन्होंने मतदाताओं का भी आभार व्यक्त किया जिन्होनें भाजपा प्रत्याशियों को अपना आशीर्वाद दिया।

## नाहन में बेखौफ शराब तस्कर लगा रहे सरकार व ठेकेदार को चूना

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर के नाहन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत केवल एक ही गांव कोलर बेखौफ शराब तस्करी को अंजाम दे रहा है। बावजूद इसके शराब तस्करी पर लगाम लगा पाने में पुलिस नाकाम नजर आ रही है। हालांकि आज सिरमौर की एसआईयू टीम के द्वारा फॉर सेल हरियाणा शराब का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है।बावजूद इसके कानूनन सजा के कड़े प्रावधान ना होने के कारण तस्कर बार-बार तस्करी को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसआईयू टीम के द्वारा हरिपुर खोल के तीखे मोड़ के पास



पूर्व सूचना के आधार पर वाहन संख्या एचपी 17बी 9700 वरना गाड़ी को रोका गया। गाड़ी की जब तलाशी ली गई तो उसने 156 अंग्रेजी शराब की बोतल 13 पेटियों में रखी हुई थी। यही नहीं 25 पेटी बियर की भी बरामद हुई है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया गया कि बरामद की गई शराब और बियर फॉर सेल इन हरियाणा की थी।जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह बताया गया कि गाड़ी का चालक कुणाल उर्फ कन्नू था जो मौके से गाड़ी और माल छोडकर फ रार हो गया। फरार हुए युवक के खिलाफ माजरा थाना में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज भी किया गया है। यही नहीं पुलिस द्वारा जारी किया गया प्रेस नोट भी दो बार संशोधित किया गया। सवाल यह उठता है कि इस बार करोड़ों में शराब के ठेके नीलाम हुए हैं। बावजूद इसके ना तो अभी तक सरकार के द्वारा आबकारी पुलिस तैनात की गई है और ना ही इस गांव में कथित रूप से अवैध शराब की तस्करी करने वाले अवैध सिंडिकेट का नेक्सेस पुलिस तोड़ पाई है।इससे पहले भी कई बार इस गांव से ताल्लुक रखने वाले कथित शराब तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं बावजूद इसके यह तस्करी का धंधा बेखौफ जारी है।

## वर्षा से नुकसान की भरपाई करें सरकार

### एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

हिमाचल किसान सभा का प्रतिनिधिमंडल प्रेमदास चौधरी की अध्यक्षता में एसडीएम बल्ह से मिला और मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को एक ज्ञापन भेजा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई हैं कि अप्रैल और मई में भारी बारिश होने की वजह से गेहूं की फ सल मुख्यतय शत प्रतिशत खत्म हो चुकी है इसी तरह दूसरी नकदी फसलों को भी बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। इसके साथ ही सरकारी बिक्री केंद्रों पर किसानों को मक्की का बीज एक



आधार कार्ड पर मात्र 5 किलो ही दिया जा रहा है। इसी तरह जो चहरी और बाजरा के बीज हैं उनकी भी सीमित मात्रा ही किसानों को उपलब्ध कराई जा रही है जिससे किसानों में भारी रोष है। इन मुद्दों को देखते हुए किसान सभा मांग करती है कि बारिश से हुए नुकसान का तत्काल आकलन किया जाए और किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए और दूसरी मांग बीजों को लेकर के है कि बीजों के वितरण की पुरानी व्यवस्था को ही लागू किया जाए। अभी अभी नई सरकार बनी है किसानों को उम्मीद थी सुविधाओं को बढ़ाया जाएगा लेकिन उल्टा जो मिलती थी उन सुविधाओं को भी छीन लिया गया है जिसका किसान सभा विरोध करती है। यदि सरकार सकारात्मक कदम नहीं उठाती है तो किसानों को मजबूरन संघर्ष का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

## आईएसबीटी ऊना में रक्तदान शिविर आज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

टीम ऊना ब्लड सर्विस संस्था द्वारा 5 मई को आईएसबीटी ऊना में रक्तदाता सुमित बरमोता की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। एमआरसी ग्रुप के सौजन्य से आयोजित शिविर में एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे, जबकि नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष व पार्षद बाबा अरमजोत सिंह बेदी व एमआरसी ग्रुप के जीएम परवेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। जानकारी देते हुए देते हुए संस्था के अध्यक्ष लविश कपिला व उपाध्यक्ष रमन दड़ोच ने बताया कि रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से शाम तक चलेगा।

## शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए ईएमबीआईबीई के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

जिला में शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए नीति आयोग के सौजन्य से उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में ईएमबीआईबीई संस्था के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया। इस दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने बताया कि ईएमबीआईबीई संस्था विद्यार्थियों की लर्निंग आउटकम में सुधार हेतु एप्लीकेशन तथा वेबसाइट के माध्यम से पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाएगी।

इस एप्लीकेशन व वेबसाइट के माध्यम से कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थी गणित, विज्ञान व सामाजिक विज्ञान तथा कक्षा नौवीं व दसवीं के विद्यार्थी गणित व विज्ञान और इसी प्रकार 11वीं व 12वीं विज्ञान संकाय के विद्यार्थी भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित व जीव विज्ञान की पढ़ाई अध्यापकों के मार्गदर्शन व स्वयं भी कर सकेंगे।

संस्था द्वारा तैयार की गयी वेबसाइट और मोबाइल एप्लीकेशन को जिला चंबा में शुरू करने के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है।उन्होंने बताया कि इस योजना को व्यवहारिक रूप प्रदान करने के लिए जल्द ही सभी विद्यालयों के प्रमुखों व



विषयाध्यापकों से बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी विद्यालय प्रमुखों व विषयाध्यापकों को वेबसाइट और मोबाइल एप्लीकेशन के बारे में पूरी जानकारी प्रदान की जाएगी।

संस्था द्वारा तैयार की गयी वेबसाइट व ऐप के माध्यम से विद्यार्थियों की लर्निंग आउटकम में गुणात्मक सुधार लाने वाला पहला आकांक्षी जिला होगा। इस ऐप व वेबसाइट के माध्यम से विद्यार्थी स्वयं भी अपना मूल्यांकन कर सकेंगे व उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी सहायता मिलेगी।

यह सुविधा नीति आयोग द्वारा जिला के 490 से अधिक विद्यालयों में आगामी दो वर्षों के लिए निःशुल्क प्रदान की जाएगी। इस ऐप के माध्यम से जिला के ऐसे विद्यालयों में भी शिक्षण किया जा सकेगा जहाँ मूलभूत सुविधाओं की कमी है।

## खलसाये गांव के भावेश शर्मा वायुसेना में बने फ्लांइग ऑफिसर

**टीम एक्शन इंडिया/घुमारवीं/नीरज शर्मा**

जिला बिलासपुर की झंडुता तहसील के खलसाये गाँव के भावेश शर्मा ने एनडीए परीक्षा में देश भर में 145वाँ स्थान हासिल कर अपने उज्जवल व साहसिक भविष्य की नींव रखकर अपने माता-पिता, इलाके तथा जिला को गौरवान्वित किया है।भावेश के पिता रविन्द्र शर्मा और माता पूनम शर्मा घुमारवीं स्थित मिनर्वा शिक्षण संस्थान में अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। भावेश की शुरू से कक्षा नवीं तक की शिक्षा भी मिनर्वा घुमारवीं में हुई। सन



2019 में भावेश ने पढ़ाई के साथ-साथ, मिनर्वा स्टडी सर्कल से कोचिंग प्राप्त कर कक्षा नवीं से आगे की पढ़ाई सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा के प्राप्त की व अपने पहले ही प्रयास में एनडीए परीक्षा उत्तीर्ण कर देश भर में 145वाँ स्थान हासिल किया है।

इससे पहले भी भावेश ने सन् 2017 में राष्ट्रीय सैन्य कॉलेज देहरादून की परीक्षा भी उत्तीर्ण की थी परन्तु अन्तिम वरियता सूची में वो स्थान हासिल नहीं कर पाए थे।

भावेश ने बताया कि शुरू से ही उनका सपना भारतीय वायु सेना में ऑफिसर बनने का था। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, परिवारजनों, मिनर्वा संस्थान के अध्यापकों और सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा के अपने अध्यापकों, अपने सहपाठियों और सीनियर को दिया है।

## बच्चों को 'बाल-सरंक्षण' के मुद्दों सहित कोविड-19 की गंभीरता के संबंध में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

गुरुवार को एजुकेशन सोसाइटी चाइल्डलाइन (1098) चंबा द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय पक्का टाला में आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन चाइल्डलाइन टीम काउंसलर नीता देवी व सदस्या रीता कुमारी द्वारा किया गया। टीम द्वारा द्वारा उपस्थित अध्यापकों, अभिभावकों व बच्चों के साथ बाल-संरक्षण के संबंध में विस्तारपूर्वक संवाद एवं चर्चा की तथा उन्हें चाइल्डलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 द्वारा शोषण के शिकार 0 से 18 वर्ष के बच्चों व कुछ विशेष परिस्थितियों में 25 वर्ष आयु वर्ग तक के युवक-युवतियों हेतु प्रदान की जा रही



विभिन्न सेवाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। समन्वयक द्वारा चाइल्डलाइन की मुफ्त फोन सेवा 1098 के माध्यम से अनाथ अर्ध-अनाथ, स्कूल छोड़ चुके, घर से भागे हुए, मानसिक और शारीरिक शारीरिक रूप से अक्षम, शोषित, अति निर्धन, बाल-विवाह की बुराई, बाल-मजदूरी के दुष्परिणाम, छेड़छाड़ से पीड़ित व अन्य किसी भी कारण से शोषित बच्चों हेतु चाइल्डलाइन के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्हें बताया गया कि यदि किसी के द्वारा नाबालिग बच्चों को बहलाया-फुसलाया जाता है तो इसे किसी भी रूप में नजर अंदाज ना किया जाए। बच्चों को पोषण संबंधी जानकारी प्रदान की गई एवं कोविड-19 की गंभीरता हेतु भी अवगत करवाया गया। उपस्थित बच्चों को सुरक्षित स्पर्श एवं असुरक्षित स्पर्श के संबंध में भी अवगत करवाया गया। साथ ही इस संबंध में अध्यापकों से भी आग्रह किया गया कि वे भी समय-समय पर बच्चों व उनके अभिभावकों को इस संबंध में जागरूक करते रहें। अध्यापकों से यह आवाहन किया गया कि वे बच्चों से जुड़ी किसी भी समस्या की सूचना चाइल्डलाइन के टोल फ्र ी नंबर 1098 पर देना सुनिश्चित करें। बच्चों को सोशल मीडिया के लाभ-हानि के बारे में भी अवगत करवाया गया।

अध्यापिकाओं ने चाइल्डलाइन द्वारा बाल-संरक्षण हेतु किए जा रहे विभिन्न कार्यों की प्रशंसा की व आश्वासन दिया कि वे सभी बाल-संरक्षण की इस मुहिम में चाइल्डलाइन के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम में अध्यापिका टीजीटी आर्ट्स शालिनी चौणा, टीजीटी आर्ट्स पूनम महाजन, टीजीटी मेडिकल दीपिका हाँडा, कला अध्यापक वैभव चौणा व शारीरिक अध्यापक करनैल सिंह सहित 35 बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## 3 माह के दौरान पुलिस ने पकड़ी 40 किलो चरस

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मंडी पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष भी पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस को बड़ी सफ लता हाथ लगी है। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि 1 जनवरी से 30 अप्रैल तक मंडी पुलिस ने नशे के सौदागरों पर नकेल कसते हुए 139 लोगों को हिरासत में लिया है जिनमें 3 महिलाएं भी शामिल है। सागर चंद्र ने बताया कि पिछले 4 महीनों में मंडी पुलिस ने चरस के 54



मामलों में 40 किलोग्राम चरस की खेफ पकडने में सफलता हासिल की हैं। इसके साथ ही चिट्टे के 50 मामलों में 450 ग्राम चिट्टा और.दर्ज अफीम के 1,30000 पौधें भी पुलिस द्वारा नष्ट किए गए हैं। उन्होंने कहा कि चरस के हाल ही में पकड़े गए बड़े मामले में चरस तस्कर की एक करोड़ की संपत्ति को भी पुलिस द्वारा सीज किया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में तस्कर से 8 किलोग्राम चरस पकड़ी थी। एएसपी सागर चंद्र ने बताया कि आगे भी पुलिस का नशे के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और चरस तस्करों को पुलिस सलाखों के पीछे पहुंचाएगी। उन्होंने लोगों से भी आग्रह किया है कि अगर लोगों को पता चलता है कि उनके आसपास नशे के सौदागर इस तरह का नशा बेच रहे हैं तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें ताकि समय रहते ऐसे लोगों पर शिंकजा कसा जा सके।

# मुख्यमंत्री ने एसडीआरएफ का नया झंडा, लोगो और वर्दी लोकार्पित की

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा मोचन बल (एचपी एसडीआरएफ ) का नया झंडा, निशान (लोगो) तथा वर्दी लोकार्पित की और 10 वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि एक पहाड़ी राज्य होने के नाते हिमाचल एक आपदा-सम्भावित क्षेत्र है। हिमाचल प्रदेश एसडीआरएफ का नया झंडा, लोगो, वर्दी और वाहन राज्य आपदा मोचन बल की निष्ठा और समर्पण के साथ प्रदेश के लोगों की सेवा करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि आज का यह



लॉन्च राज्य की आपदा प्रबंधन क्षमताओं में वृद्धि की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में इस बल ने प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बहुमूल्य जीवन और संपत्ति को बचाने में कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आपदाओं के दौरान विभिन्न बचाव कार्यों के लिए एसडीआरएफ के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि नए लॉन्च किए गए संसाधन एचपी एसडीआरएफ को प्रदेश के लोगों की और प्रभावी ढंग से सेवा करने में सक्षम बनाएंगे। पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू ने इस अवसर पर कहा कि एसडीआरएफ की स्थापना हाल ही में हुई है और पिछले कुछ महीनों में इस बल ने प्रदेश के नागरिकों की कुशलता से सेवा की है। इस बल की तीन कम्पनियां शिमला, मंडी और कांगड़ा में स्थित हैं, जिनमें वर्तमान में 183 कर्मचारी कार्यरत हैं। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, विधायक रवि ठाकुर, आईडी लखनपाल और सुरेश कुमार, एडीजीपी कानून व्यवस्था अभिषेक त्रिवेदी और एसडीआरएफ की प्रमुख और पुलिस अधीक्षक इल्मा अफ रोज भी इस अवसर पर उपस्थित थी।

## उपायुक्त ने आर्ट ऑफ लिविंग के कोऑर्डिनेटर ने भेंट कर महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

उपायुक्त के समक्ष चर्चा करते हुए उन्होंने निवेदन किया कि कुल्लू के सभी सरकारी दफ्तरों तथा स्कूलों को 1 घंटे का ध्यान सत्र आयोजित करने के लिए निर्देश जारी किये जायें, कुल्लू अथवा मनाली में सेकेण्डरी स्कूल में एक वैलनेस सेंटर स्थापित किया जाए जहां पर आर्ट ऑफ लिविंग का निशुल्क योगाभ्यास सभी लोगों के लिए करवाया जाएगा।

# खो-खो में टैगोर व अशोका हाऊस बना विजेता

## एमआईए डीएवी स्कूल में संपन्न हुई इंटर हाउस खेलें

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

एमआईए डीएवी पब्लिक स्कूल मैहतपुर में चल रही इंटर हाउस खेल प्रतियोगिता वीरवार को संपन्न हो गई। तीन दिन तक चलने वाली प्रतियोगिता में कक्षा पहली से बारहवीं तक के चारों सदनों शिवाजी, टैगोर, अशोका व रमन के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बच्चों में स्पून रेस, बैलून रेस, 100 मीटर रेस क्रॉस कंट्री आदि प्रतियोगिताएं करवाई गई। समापन अवसर पर स्कूल प्रबंधकीय समिति के अध्यक्ष अरुण नैय्यर ने मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल देकर सम्मानित किया। लडकों की खो-खो प्रतियोगिता में टैगोर हाउस विजेता तथा अशोका हाउस उपविजेता रहा। बेस्ट चेंजर का पुरस्कार शिवाजी हाउस के करनजीत व बैस्ट रनर का पुरस्कार शिवाजी हाउस के सुमंत को दिया गया। लड़कियों की खो-खो



प्रतियोगिता में अशोका हाउस विजेता तथा रमन हाउस उपविजेता रहा, जिसमें बेस्ट चेजर का पुरस्कार अशोका हाउस की तान्या तथा बैस्ट रनर का पुरस्कार अशोका हाउस की पलक को दिया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में टैगोर हाउस विजेता तथा शिवाजी हाउस उपविजेता रहा। बेस्ट रेडर का पुरस्कार टैगोर हाउस के सरवर अली एवं बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार टैगोर हाउस के सोहित को दिया गया। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अशोका हाउस विजेता तथा शिवाजी हाउस उपविजेता रहा तथा बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार रमन हाउस के अमृत पाल एवं बेस्ट स्कोरर का पुरस्कार अशोका हाउस के मोहित को दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू शर्मा, उप प्रधानाचार्या सीमा वोहरा, प्रबंधकीय समिति के सदस्य बीएस चंदेल एवं विजय ला, विद्यालय के डीपी सुनील शर्मा, एक्टिविटी इंचार्ज मोनिका कौशल तथा चारों सदनों के प्रभारी विजेता शर्मा, सुनीता मोदगिल, निधि बाली व सुरेश कुमारी उपस्थित रहे।

# स्वयंसेवियों ने स्कूल कैंपस किया साफ

## स्वयंसेवियों ने स्कूल कैंपस किया साफ

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

वीरवार को श्री वीरेंद्र गौतम मेमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल संतोषगढ में एनएसएस द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य उपेंद्र राणा की दिशा निर्देश अनुसार स्वयंसेवियों ने स्थानीय विद्यालय के कैंपस और खेल प्रांगण की साफ सफाई की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य के साथ एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनुपमा व प्रवीन कुमार, इको क्लब व रेड क्रॉस प्रभारी रेनू बाला, मोनिका,



दुर्गेश नंदनी, अंजू कुमारी, सरिता, सुशील कुमार, राजेश, कला अध्यापक आरिफ मोहम्मद, ऋषि कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पैंशनर्ज सदर खंड एवं सदर इकाई बिलासपुर की संयुक्त बैठक 7 को डियारा में :राम प्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन सदर खंड बिलासपुर एवं सदर इकाई की संयुक्त बैठक आगामी 7 मई, 2023 को दौलत राम चैहान प्रधान सदर खंड बिलासपुर की अध्यक्षता में श्री विश्वकर्मा मंदिर डियारा सेक्टर बिलासपुर में होगी। यह जानकारी देते हुए रामप्रकाश सचिव सदर खंड ने सदर खंड की सभी इकाइयों के प्रधानों का सचिवों से अनुरोध किया है कि वे इस बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करें तथा जून माह में स्थापना दिवस के कार्यक्रम को सफ ल बनाने के लिए अनुदान राशि भी साथ में लेकर आएं।

# लाहौल स्पीति के विकास में अधिकारी तेज गति करें प्रदान

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के उपायुक्त राहुल कुमार ने आज जिला के समस्त विभागीय अधिकारियों को एक साल पांच मुख्य कार्य योजनाओं को ले कर विभाग बार समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जनजातीय उपयोजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में तय लक्ष्यों को उन्होंने विभाग बार करवाये जा रहे विकासात्मक कार्य योजनाओं पर चर्चा करने के उपरांत निर्देश देते हुए कहा कि जिला के सतत विकास के लिए सभी विभागों के अधिकारी समन्वय के साथ एक बर्ष पांच मुख्य कार्यों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करें और इंफ्र



स्ट्रक्चर वर्क में गुणवता का विशेष रूप से ध्यान रखें व समय रहते परिपूर्णता हासिल करें। उपायुक्त राहुल कुमार ने इस बात पर बल देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री के फ्लैगशिप योजनाओं को धरातल पर अमलीजामा पहनाने के लिए विशेष प्राथमिकता रखें, ताकि जिला को प्रदेश में एक अलग पहचान मिल सके। राहुल कुमार ने यह भी निर्देश जारी किए कि जनजातिय उपयोजना के तहत आवंटित धनराशि का तय लक्ष्यों के अनुरूप व्यय सुनिश्चित बनाया जाए और इस जिला की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों एवं कम कार्य अवधि के चलते विकास कार्यों को तीव्र गति प्रदान करें। उन्होंने यह भी कहा कि जिला में पर्यटन व्यवसाय को अधिक मजबूती प्रदान करने की जरूरत है जिसके लिए मूलभूत सुविधाएं जुटाने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अटल टनल रोहतांग के खुलने से पर्यटकों की आवाजाही में वृद्धि दर्ज की जा रही है लिहाजा यहां के पर्यावरण एवं नैसर्गिक सौंदर्य व हरित आवरण, सडक, शिक्षा बिजली, पानी कृषि, उद्यान, स्वास्थ्य, पेयजल, तरल व ठोस कचरा प्रबंधन, सिंचाई आपूर्ति योजनाओं को विशेष कार्य योजना के तहत प्राथमिकता प्रदान की जा रही है और आम जनमानस की भी सहभागिता सुनिश्चित बनाई जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### राज्य सहकारी बैंक शाखा जंजैहली में करोड़ों का गड़बड़झाला

**बैंक अधिकारी कर रहे हैं अपने स्तर पर छानबीन**

टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा

लगता हैं अब लोगों की खून पसीने की कमाई कहीं भी सुरक्षित नहीं है। लोग जिन बैंकों पर अपने से ज्यादा विश्वास करते हैं अपने खून पसीने की गाढ़ी कमाई लोग सुरक्षा के मद्देनजर बैंकों में जमा करवाते हैं। मगर जिस प्रकार से मंडी जनपद के सराज विधानसभा क्षेत्र के जंजैहली में राज्य सहकारी बैंक में लोगों का करोड़ों रुपए का गड़बड़झाला सामने आया है और लोगों का बैंकों से भी विश्वास उठना शुरू हो गया है। गौरतलब है मंडी जनपद के सराज विधानसभा क्षेत्र के जंजैहली स्थित हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के एक कर्मचारी ने बैंक के कई उपभोक्ताओं के खाते में से लाखों रुपए का चुना लगाया है। दर्जनों उपभोक्ताओं का कुल रकम सुनने में आ रहे करोड़ों से ऊपर है। जब लोगों को इस बात का पता चला तो लोग छानबीन करने आए और पाया कि उनके खातों में लाखों रुपए इधर-उधर हुए हैं जिनकी उनके हिसाब किताब में कोई एंट्री ही नहीं है। बैंक की तरफ से जिला बैंक कार्यालय से सुरेंद्र ठाकुर प्रारंभिक छानबीन करने आए हैं। उन्होंने बताया बैंक में लोगों के पैसे का गबन तो हुआ है अभी कितना गबन है इसका पूरा पता पूरी छानबीन के बाद लगेगा काफ ी सारी ट्रांजैक्शन ऑनलाइन हुई है जिसका अभी हेड ऑफि स से कंफ मेंशन हो रही है पहली नजर में लगभग 30 35 लाख का गड़बड़झाला नजर आ रहा है। मगर यह आंकड़ा बढ़ सकता है। उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है आपको घबराने की जरूरत नहीं आपका पैसा सुरक्षित हाथों में है बैंक आपके एक एक पैसे का आपको हिसाब देगा और आपका एक-एक पैसा सूद समेत लौटाया जाएगा। उन्होंने कहा छानबीन के उपरांत पूरी रिपोर्ट मुख्य कार्यालय शिमला भेजी जाएगी जहां से अगली कार्रवाई शुरू होगी। उन्होंने बताया जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी वहीं पर जरोल गांव के एक उपभोक्ता हंसराज ने बताया उसका लगभग 21 लाख का घोटाला हुआ है जिसकी उसने पुलिस थाना जंजैहली में शिकायत दर्ज करवाई है। इसी तरह एक उपभोक्ता चतर सिंह 8०5 लाख हैं एक उपभोक्ता ललित कुमार है इसके लाखों 5 लाख हैं कश्मीर सिंह लगभग 12 लाख रुपए भगतराम लगभग 3 लाख इस तरह बहुत से उपभोक्ताओं की जमा राशि के साथ गड़बड़ की गई है जिसकी बैंक अपने स्तर पर छानबीन कर रहा है।

# बिलासपुर सदर के 12 उचित मुल्यों की दुकानों पर सिलेंडर होगा उपलब्धः उपायुक्त

**▸▸उन्होंने उचित मुल्य शेष दुकानों के धारकों को इस सम्बध में प्रशिक्षण प्रदान करने के विभाग को निर्देश दिये**

**टीम एक्शन इंडिया/घुमारवीं/नीरज शर्मा**

जिला में खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता की प्रमाणिकता के स्तर को बढाए रखने के लिए सम्बद्ध विभागों के अधिकारी निरंतर निरिक्षण व निगरानी कार्यों में तेजी लाए। उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने आज जिला स्तरीय लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली व सतर्कता समिति की



बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि बिलासपुर सदर में 12 उचित मुल्य की दुकानों के माध्यम से घरेलु सिलेंडर विक्रय किया जाएगा जिससे जिला में 27 उचित मुल्य की दुकानों के माध्यम से उपभोक्ताओं को घरेलु गैस सिलेंडर उपलब्ध होगा। उन्होने उचित मुल्य शेष दुकानों के धारकों को इस सम्बध में आवश्यक प्रशिक्षण जल्द प्रदान करने के विभाग को निर्देश दिये ताकि जिला की समस्त दुकानों को इसमें सम्मिलित कर लोगों को लाभांवित किया जा सके।उन्होंने बताया कि जिला में कुल 245 उचित मुल्य की दुकानों मे से 87 उचित मुल्य की दुकानों को गैस सिलेंडर ग्रामिणों को उपलब्ध करवाने की अनुमति मिली है। उन्होने बताया कि अन्य डिपू होल्डर द्वारा भी गैस सिलेडर रखने की इच्छा जताई है जिन्हें औपचारिकता, पुरी कर गैस सिलेडर रखने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जनवरी माह से मार्च तक कुल 89588.06 क्विटल खाद्यान्न व 566602 लीटर खाद्य तेल सामग्री विभिन्न श्रेणियों के 117358 राशनकार्ड धारकों एवं 434486 उपभोक्ताओं को 245 हिम सुविधा उचित मुल्य की दुकानों के माध्यम से वितरित किए गए। इस अवधि के दौरान जिला मे खाद्यानों के कुल 28 नमूने लिए गए तथा विभिन्न विभागीय आदेशों के अन्तर्गत कुल 493 निरीक्षण किए गए। अनियमितता पाए जानें वाले दोषियों से मुल्य 61532 की राशि बतौर जुमार्ना वसूल करके सरकारी कोश में जमा करवाई गई। बैठक के संबंध में विस्तृत जानकारी डीएफ एससी द्वारा उपलब्ध करवाई जाए।

## कांग्रेस की हर चुनौती का जवाब देगा बजरंग दलः

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी करते समय जिस प्रकार एक प्रखर राष्ट्रभक्त संगठन बजरंग दल की तुलना कुख्यात राष्ट्र विरोधी, आतंकवादी और प्रतिबंधित संगठन के साथ की है वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। विश्व हिन्दू परिषद के हिमाचल प्रदेश सह मंत्री अधिवक्ता तुषार डोगरा ने कहा कि बजरंग दल का एक-एक कार्यकर्ता देश के लिए समर्पित है। वहीं, पीएफ आई की गतिविधियों से पूरी दुनिया परिचित है।

# प्रो. बिहारी लाल शर्मा बने मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद् के सदस्य

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

जब एक छोटे से गांव से एक आम व्यक्ति प्रतिष्ठा हासिल करता है, तो वही व्यक्ति क्षेत्र के लिएही नहीं बल्कि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा भी बनता है। ऐसी ही उपलब्धि के लिए झंडूता उपमंडल के गांव भदोल निवासी प्रो. बिहारी लाल शर्मा का मध्य प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के सदस्य के रूप में चुना जाना प्रदेश और क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उनके इस चयन से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। प्रो. शर्मा वर्तमान में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली में



प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं देने के साथ-साथ विश्वविद्यालय में निदेशक, आईक्यूएसी और चीफ प्रॉक्टर की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इसके साथ ही प्रो. शर्मा वर्तमान में हरिद्वार स्थित भगवान दास आदर्श संस्कृत महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष भी हैं।

ज्योतिष के क्षेत्र में देश के अग्रणी विद्वान हैं प्रो. शर्मा

बता दें कि मध्य प्रदेश सरकार ने अभी हाल ही में राज्य उच्च शिक्षा परिषद् का गठन किया है। इसमें शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विद्वानों और शिक्षाविदों को सदस्य बनाया गया है। इस उच्च शिक्षा परिषद् में मध्य प्रदेश राज्य के अलावा देश के अन्य राज्यों से भी कुल दो विद्वान चुने जाने थे। जिनमें प्रो० बिहारी लाल शर्मा को सदस्य के रूप में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नामित किया गया है।प्रो. बिहारी लाल शर्मा संस्कृत तथा ज्योतिष के प्रकांड विद्वान हैं और उनका नाम ज्योतिष के क्षेत्र में देश के अग्रणी विद्वानों में शुमार है। इन विषयों पर रिसर्च को बढ़ावा देने में उनका प्रमुख योगदान और स्थायी प्रभाव रहा है। अदाममिक क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के दृष्टिगत ही मध्य प्रदेश सरकार ने उन्हें राज्य उच्च शिक्षा परिषद जैसी अहम समिति का सदस्य नामित किया है। प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से संस्कृत में अपनी बीए, एमए करने के बाद राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान नई दिल्ली से बीएड,तथा श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली से फलित ज्योतिष में एमए तथा पीएचडी की उपाधि प्राप्त की।

# मुख्यमत्री सुखविंदर सूक्खु के 4 माह के बेहतरीन कार्य पर मिली नगर निगम की जीतः जितेंद्र ठाकुर

**▸▸उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह के नेतृव पूरे प्रदेश में एक सम्मान विकास हो रहा हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

हिमाचल प्रदेश के शिमला नगर निगम चुनावों में जो कांग्रेस पार्टी को प्रचंड बहुमत मिला है वह मुख्यमंत्री सुखविंदर सूक्खु के 4 माह का कार्यकाल का परिणाम है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जितेंद्र ठाकुर ने नगर निगम के चुनावों पर मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने 4 माह के कार्यकाल में प्रदेश में जो विकास कार्य करवाए हैं और किसी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम किया है नगर निगम के चुनाव की जीत इसका परिणाम है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने अनेक हथकंडे अपना, मगर मुख्यमंत्री की कार्यशैली जो जनहित कल्याणकारी थी उससे लोग टस से मस नहीं हुए और कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों को



ऐतिहासिक जीत दिला कर बता दिया कि प्रदेश में कांग्रेस का भविष्य सुखविंदर सूक्खु के हाथों में सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में भी कांग्रेस पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी विचार विभाग ने शिमला नगर निगम चुनाव में कांग्रेस को मिली जीत को लेकर मंडी में लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी विचार विभाग के चेयरमैन विजय पाल सिंह ने कहा की शिमला वासियों ने विकास पर मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह के नेतृव पूरे प्रदेश में एक सम्मान विकास हो रहा हैं।

# हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के निदेशक पद पर प्रियव्रत शर्मा व केशव नायक की जीत

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

भाजपा समर्थित उम्मीदवार प्रियव्रत शर्मा ने राज्य सहकारी बैंक के निदेशक पद के चुनावों में जीत दर्ज की है। मंडी 1 से भाजपा समर्थित उम्मीदवार प्रियवर्मा को 41, कांग्रेस पार्टी समर्थित उम्मीदवार डॉक्टर चंद्रशेखर शर्मा 24, बलवंत ठाकुर को 26, भूपेंद्र सिंह 17, विशाल राठौर को 20, अजय को 5, ज्ञानचंद को 4, रतन चंद को 3 मत मिले। प्रियव्रत ने 15 मतों से जीत दर्ज की। यह पहली मर्तबा है जब विपक्ष के उम्मीदवार ने निदेशक पद के लिए जीत दर्ज की है। इन चुनावों में कांग्रेस पार्टी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई थी मगर प्रियव्रत शर्मा ने ऐन मौके पर बाजी मार कर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार को चारों खाने चित कर दिया। मंडी 2 से केशव नायक ने जीत दर्ज की है। इन



चुनावों में भी कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी। कांग्रेस की ओर से मनीष को अपना उम्मीदवार घोषित किया था जबकि केशव ने जीत दर्ज की। इन चुनावों में केशव नायक को 51 और गुलेरिया को 32 मत मिले। केशव नायक ने 19 मतों से जीत दर्ज की। नवनिर्वाचित निदेशक प्रियव्रत शर्मा ने कहा कि यह पहली मर्तबा है जब सहकार बंधुओं ने उन्हें दूसरी बार निदेशक के पद के लिए चुना है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सहकार बंधुओं की हर संभव मदद की है तथा जहां उचित हुआ वहां बैंक की शाखा खोली, कैश काउंटर खुले तथा सहकारिता आंदोलन को आगे ले जाने का काम किया। उनके इस कार्य पर सरकार बंधुओं ने उन पर विश्वास जताया और उन्हें जीत दिलाई। उन्होंने कहा कि वह सहकारिता आंदोलन को आगे ले जाने और जो भी सरकार का से संबंधित समस्या है उनका समाधान करने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश मैं जब भाजपा सरकार थी तो पूरे हिमाचल में विकास कार्य हो रहे थे मगर सरकार के बदलते ही विकास के कार्य पर विराम लग गए हैं। केंद्र सरकार की मदद से पुणे विकास को पटरी पर लाने का काम किया जाएगा

# हिम डाटा पोर्टल के माध्यम से सरकारी विभागों का डाटा एकीकृत करने के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित

## राज्य के नीति निर्माण और सुशासन में सहायक सिद्ध होगा डाटा पोर्टल: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

सभी सरकारी विभागों का डाटा एकीकृत करने के लिए 'हिम डाटा पोर्टलइ प्लेटफ ार्म के विकास के लिए गत दिवस को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की उपस्थिति में प्रदेश सरकार एवं इण्डियन स्कूल ऑफ बिजनेस के मध्य एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया।प्रदेश सरकार की ओर से सचिव सूचना प्रौद्योगिकी डॉ. अभिषेक जैन तथा इण्डियन स्कूल ऑफ बिजनेस की ओर से कार्यकारी निदेशक प्रो. अश्विनी छत्रे ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 'हिम डाटा पोर्टलइ के विकास के लिए इण्डियन स्कूल ऑफ बिजनेस सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के साथ सहयोग करते हुए अनुसंधान और तकनीकी सहायता भागीदार के रूप में कार्य करेगा। यह डाटा पोर्टल उच्च श्रेणी के विश्लेषणात्मक डाटा सैट



और आइडेंटिटी-एक्सेस-मैनेजमेंट-कन्ट्रोल्ड डैशबोर्ड और रिपोर्ट इत्यादि के माध्यम से राज्य के नीति निर्माण और सुशासन में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल 'हिम पल्सइ के माध्यम से राज्य की लाभ वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करेगा और इससे 'हिम परिवारइ की क्षमता में भी वृद्धि होगी और लक्षित जनसंख्या को विभिन्न लाभ प्रदत्त करने के लिए उनकी डिजीटल पहचान को लिंक करने में यह सहायक होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समझौते से राज्य की सामाजिक एवं आर्थिक समृद्धि में बढ़ोतरी करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हिम डाटा पोटर्ल विभिन्न विभागों के बहुमूल्य डाटा को विभिन्न डोमेन से एकत्र करेगा और इससे प्रशासन में दक्षता को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल से संबंधित एक वैबसाइट भी विकसित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिम पल्स एक आधुनिक डेटा विश्लेषण एप्लीकेशन है, जो प्रशासन में विस्तार, अन्तिम व्यक्ति तक पहुंच और कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चिन्हित करने के लिए विकसित की गई है। उन्होंने कहा कि यह सरकारी कार्यक्रमों और प्रणालियों से आम नागरिकों को वास्तविक समय में डिजीटल डाटा के माध्यम से जोड? में सहायक होगा और इससे विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त हाई रेज्योल्यूशन सामाजिक एवं आर्थिक प्रोफाइल और सैटेलाइट इमेज के संयोजन का लाभ भी मिल सकेगा।इस अवसर पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा आदि उपस्थित रहे।

# बसदेहड़ा स्कूल में पवित्रा वर्कशाप आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

दि आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा वर्ल्ड मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे पर चलाए गए अभियान के अंतर्गत वीरवार को राजकीय वरिष्ठ विद्यालय बसदेहडा में 2 दिवसीय पवित्रा वर्कशाप का आयोजन किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य राजिंदर सिंह ने बताया कि शिविर का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षिका पूजा डोगरा द्वारा किया गया, जिसमें किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़ी गलत धारणाओं के प्रति सजग करवाया गया।

साथ ही साथ किशोरावस्था के दौरान लड़कियों को किन किन समस्याओं से गुजरना पड़ता है व सही ज्ञान, योग, घरेलू उपचार और आयुर्वेद द्वारा इन समस्याओं से कैसे छुटकारा पाया जा सकता है, यह सब वैज्ञानिक तथ्यों के साथ समझाया गया। कार्यशाला के अंत में टीम पवित्रा द्वारा पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर शमशेर सिंह, अश्वनी, अंजली, कामना, रिमल, प्रिया, नीरज संधू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### कक्षा प्रथम के लिए विद्या प्रवेश कार्यक्रम आयोजन विद्यालय में बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

कक्षा प्रथम में कुल 42 सीटें थी जिसमें से 38 विद्यार्थियों ने प्रवेश ले लिया है। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों के अभिभावक गण उपस्थित हुए। जिनका वरिष्ठ अध्यापिका कमलेशधीमानने गर्मजोशी से स्वागत किया ।कार्यक्रम में बच्चों ने अपना परिचय देते हुए अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके अपनी प्रतिभा का उत्तम प्रदर्शन किया ।सभी बच्चों को वेलकम एजुकेशन किट व चॉकलेट देकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सेल्फी पॉइंट पर अभिभावक व अध्यापकों के साथ उत्साहपूर्वक फोटो करवाया। मंच का संचालन कक्षा अध्यापिका रश्मि नागर ने किया ।इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक एवं एडमिशन इंचार्ज एसके डोगरा ने सभी नए आगंतुक विद्यार्थियों को आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य एसडी लखनपाल ने सभी बच्चों को आशीर्वचन देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।विद्या प्रवेश कार्यक्रम के साथ–साथ केंद्रीय विद्यालय नादौन के माध्यमिक विभाग में कक्षा छठी के विद्यार्थियों का भी स्वागत बड़े धूमधाम के साथ किया गया। कक्षा छठी के सभी विद्यार्थियों ने अपना परिचय दिया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नई इनोवा क्रिस्टा के टॉप ग्रेड की कीमतों की घोषणा की

मंडी: टोयोटा किर्लोस्कर मोटर(टीकेएम) ने आज नई इनोवा क्रिस्टा के शीर्ष दो ग्रेड जेडएक्स और वीएक्स की कीमतों की घोषणा की ।यह वाहन एक उन्नत फ्रंट फेशिया के साथ आता है जिसे एक मजबूत उपस्थिति के लिए विशिष्ट प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है जिससे भारतीय परिवारों, व्यवसायियों और कॉपोर्रेट्स की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके ।प्रतिष्ठित एमपीवी 2005 में भारत में अपनी शुरूआत के बाद से अपने सेगमेंट में अग्रणी रही है



जिसकी अब तक एक मिलियन से अधिक इकाइयां बिक चुकी हैं। इस साल की शुरूआत में बुकिंग शुरू होने के बाद से इस वाहन को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है ।अतुल सूद, वाइस प्रेसिडेंट सेल्स एंड स्ट्रेटेजिक मार्केटिंग, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा हमें नई इनोवा क्रिस्टा डीजल के शीर्ष दो ग्रेड की कीमतों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। अपने सख्त और ऊबड़ खाबड़ फ्रंट प्रावरणी के साथ और शैली आराम और प्रदर्शन का एक सही मिश्रण नई इनोवा क्रिस्टा निश्चित रूप से प्रसिद्ध इनोवा की विरासत को आगे बढ़ाएगी। वाहन उन्नत सुरक्षा सुविधाओं का दावा करता है जो सुनिश्चित करता है यात्रियों की अत्यधिक सुरक्षा और हमें विश्वास है कि हमारे ग्राहक इस वाहन द्वारा पेश किए गए बेहतर ड्राइविंग अनुभव की सराहना करेंगे और आनंद लेंगे ।न्यू इनोवा क्रिस्टा 50000 रुपये में बुकिंग के लिए उपलब्ध है। ग्राहक अब डीलर आउटलेट्स के साथ.साथ ऑनलाइन भी बुकिंग कर सकते हैं ।न्यू इनोवा क्रिस्टा बुकिंग के लिए चार ग्रेड जी,जीएक्स,वीएक्स और जेड एक्स और पांच रंगों सुपर व्हाइट,एटिट्यूड ब्लैक माइका,अवांट गार्डेब्रॉन्ज मैटेलिक, प्लेटिनम व्हाइट पर्ल और सिल्वर मैटेलिक में उपलब्ध है।

### प्रॉक्टर एण्ड गैम्बेल इंडिया ने अपने चौथे वी सी इक्वल समिट में नई प्रतिबद्धताओं की घोषणा की

**बद्दी:** विक्स,एरियल,जिलेट,पैम्पेर्स आदि जैसे ब्रांड्स की निमार्ता प्रॉक्टर एण्ड गैम्बंल इंडिया (पी एन्ड जी ) ने आज अपने चौथे वार्षिक वी सी इक्वल इक्वैलिटी एण्ड इनक्लूंजन समिट 2023 में देश में समानता एवं समावेशन को बढ़ावा देने पर लक्षित नई प्रतिबद्धताओं की घोषणा की है ।इस आयोजन में समानता और समावेशन को लेकर समाज के सामने



खड़ी चुनौतियों पर चर्चा के लिये विशिष्ट समर्थक और व्यक्तित्व एकजुट हुए। इसमें बताया गया कि विभिन्न साझीदार कैसे लैंगिक सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर मिलकर प्रगति को तेज कर सकते हैं तथा विज्ञापन एवं मीडिया में समावेशन को दोबारा परिभाषित कैसे किया जा सकता है। यूनिक और यूनाइटेड थीम पर आधारित समिट के मूल में यह विचार था कि ह मारी ताकत हमारे अनूठेपन में है हमारी मजबूती हमारी एकजुटता में है।

# उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार व संबंधित अधिकारी रहे मौजूद

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जनजातीय जिला लौहाल स्पीति के मुख्यालय केलांग में केंद्र प्रायोजित योजना प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम की अल्प संख्यक मामले भारत सरकार सचिव नंदिता गुप्ता के अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में निदेशक कल्याण प्रदीप ठाकुर,मंडलीय आयुक्त मंडी क्षेत्र राखी काहलो व अन्य जिलों के भी अधिकारी जुड़े रहे। बैठक में राहुल कुमार ने इस कार्यक्रम के तहत जिले के जुड़े हुए विकासखंड में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी केंद्रीय सचिव नंदिता गुप्ता को दी। बैठक के उपरांत उपायुक्त जिला लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने बताया की जिला में इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिला के अल्प संख्यक बौद्ध समुदाय के कल्याण के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण, लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना और अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में किसी भी असंतुलन को कम करने में सहायता करना है। कार्यक्रम को मजबूत करने की दिशा में यह सुनिश्चित करना होगा कि कार्यक्रम के तहत लाभ सही लोगों तक पहुंच सकें। उपायुक्त ने बैठक के उपरांत कहा की संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लाहौल व स्पीति तथा उदयपुर ब्लाक की टिंगरिट चिमरित गांव के लिए भी इस कार्यक्रम के तहत वृहद कार्य योजनाएं तैयार की जाये जाएंगी।

# शिमला शहर को नहीं मिल पाया ऑर्गेनिक मैंडेट :जयराम

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नगर निगम चुनावों में सभी चुने हुए पार्षदों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मैं जनता के जनमत को स्वीकार करता हूं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इन नगर निगम चुनावों को बुरी तरह से प्रभावित करने का पूर्ण प्रयास किया। अगर ध्यान से देखा जाए तो शिमला नगर निगम को एक ऑर्गेनिक मैंडेट नहीं मिल पायाए क्योंकि कांग्रेस के नेताओं ने बाहर के विधान सभा क्षेत्र से शिमला नगर निगम में बड़ी तादाद में वोट बनाए थे इससे चुनाव प्रभावित हुआ। जो वोट बाहर की विधानसभाओं से शिमला में बने गए थे उनकी शिमला से कोई



आत्मीयता नहीं थी, शिमला में रहने वाले लोगों को वोट डालने का अधिकार मिलना चाहिए और उनकी आवाज जरूरी है। जो वोट कांग्रेस पार्टी ने अन्य विधानसभा क्षेत्रों से बनाए थे वह वोट डाल के चले भी गए उनको शिमला शहर से कोई लेना.देना नहीं। कई विधायक, मंत्री और कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने 6 महीने पहले किसी और विधानसभा क्षेत्र में मतदान किया और अब शिमला नगर निगम चुनावों में भी मतदान किया, मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि मेरा वोट भी इन नगर निगम चुनावों के लिए बनाया गया था पर मैंने और मेरे परिवार ने चि्ी के माध्यम से अपना वोट वापस लिया। हम नैतिकता के आधार पर चुनाव लड़ते हैं वह। वोट तो शिमला में हम भी डाल सकते थे उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास किया उन्होंने कर्मचारियों को डीए की किस्त दी और कर्मचारियों को रेगुलर करने का ऑर्डर जारी किया है यह 3 महीने पहले भी हो सकता था। अगर यह नगर निगम चुनावों में हुआ है इसका मतलब कांग्रेस ने इन चुनावों को प्रभावित किया है। इन चुनावों में तो पूरी सरकार चुनाव जीतने के लिए लगी थी, मैं आपको बताना चाहूंगा कि कई सीटें तो ऐसी है जो केवल 8,29 और 34 वोट से हारी है, कई सीटें तो छोटे अंतर से हमने हारी है।

# उपमुख्यमंत्री एवं सीपीएस की नियुक्ति असंवैधानिक

**शिमला**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता सतपाल जैन ने कहा कि सीपीएस को लेकर हिमाचल प्रदेश के उच्च न्यायालय में आज सुनवाई थी उच्च न्यायालय में सीपीएस और उप मुख्यमंत्री की नियुक्ति को लेकर सुनवाई हुई जिसमें सरकार के उपमुख्यमंत्री और 6 सीपीएस को उच्च न्यायालय द्वारा नोटिस जारी कर दिया गया है।

उच्च न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए कहा कि उप मुख्यमंत्री की शपथ मंत्री के रूप में हुई थी और उनको प्रदेश का



उपमुख्यमंत्री घोषित कर दिया गया यह ठीक नहीं है कोर्ट ने कहा कि ऐसे तो किसी भी मंत्री को उपमुख्यमंत्री, एडिशनल मुख्यमंत्री और को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है।

कोर्ट ने सीपीएस की नियुक्ति पर भी सभी सीपीएस को नोटिस जारी किया है।

इस केस को लेकर अगली सुनवाई 19 मई 2023 को होने जा रही है।

सतपाल जैन ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में उपमुख्यमंत्री और सीपीएस की नियुक्ति असंवैधानिक है और इसको लेकर कोर्ट ने 164 के अंतर्गत नोटिस सरकार को जारी कर दिया है उन्होंने कहा कि यह नियुक्तियां भारत के संविधान के खिलाफ भी है।

# डीएवी के तीन छात्रों ने पास की जेईई मेंस की परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

डीएवी पब्लिक स्कूल ऊना के 3 छात्रों ने प्रतिष्ठित परीक्षा जेईई मेंस में उत्तीर्ण होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। जेईई मेंस परीक्षा में विद्यालय के श्रेष्ठ शर्मा ने 95.66 परसेंटाइल, अभय धीमान ने 93 तथा रितेश चौहान ने 88 परसेंटाइल प्राप्त किए हैं। छात्रों ने परीक्षा उतीर्ण करने का श्रेय प्राचार्य अतुल महाजन द्वारा स्मार्ट कक्षाओं की व्यवस्था करने को दिया। प्राचार्य अतुल महाजन ने छात्रों की सफलता के लिए उन्हें बधाई दी और अभिभावकों का संस्था में विश्वास बनाए रखने के लिए धन्यवाद किया।

# सुरेंद्र धीमान बने प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट बिलासपुर के अध्यक्ष



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

जिला बिलासपुर श्री नयना देवी जी में प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हिमाचल प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें प्रवक्ता मंजीत सिंह को हमीरपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बीएससी टीजीटी सुरेंद्र धीमान को जिला बिलासपुर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राजनीति विज्ञान प्रवक्ता श्याम सिंह को जिला बिलासपुर ब्लॉक बरठी अध्यक्ष नियुक्त किया गया और संदीप चैधरी को हिमाचल प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। इस उपलक्ष्य में प्रेस वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट के चिन्ह का विमोचन किया गया साथ ही प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह चंदेल और राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र कुमार पांडे द्वारा संपूर्ण प्रदेश कार्यकारिणी और उनकी नवनियुक्त गठित कार्यकारिणी हमीरपुर और बिलासपुर जिला के जिला अध्यक्षों और प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों के भविष्य की मंगल कामना करते हुए उन्हें ट्रस्ट के कार्य में सहयोग देकर उसे आगे बढ़ाने की अपील की और सबको बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि ट्रस्ट मीडिया के क्षेत्र में व्याप्त कुरीतियों और पत्रकार बंधुओं को आने वाली विभिन्न समस्याओं के निवारण के लिए सदैव तत्पर रहता है और समाज के विभिन्न पहलुओं जैसे संस्कृतिक विविध क्षेत्रों में कल्याण कार्यों एवं राष्ट्रहित से जुड़े विविध मुद्दों पर पूर्ण रूप से समर्पित होकर कार्य कर रहा है और भविष्य में भी राष्ट्र से जुड़े किसी भी मुद्दे या समस्या को हल करने के लिए प्रेस वेलफेयर ट्रस्ट सदैव तत्पर रहेगा।

# प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा व जीवन ज्योति बीमा के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पीएनबी आरसेटी ऊना द्वारा करवाए जा रहे उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगा में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान गुरदेव सिंह मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर पंजाब नेशनल बैंक बीटन के शाखा प्रबंधक हरीश ने प्रतिभागियों से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा व अटल पेंशन



योजना आदि के बारे में लोगों को बताया तथा मौके पर उपस्थित प्रतिभागियों के फार्म भी भरवाए गए। पीएनबी आरसेटी ऊना के कार्यक्रम संचालक आकाश भारद्वाज द्वारा बताया गया कि पंजाब नेशनल बैंक के सौजन्य से निशुल्क प्रशिक्षण देकर प्रतिभागियों को बैंक ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, ताकि वह अपना व्यवसाय स्थापित कर सके।

# जिला परिषद वार्ड भंजाल के उपचुनाव में कांग्रेस को मिली हार

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

कांग्रेस व भाजपा के लिए नाक का सवाल बने जिला परिषद वार्ड भंजाल के उपचुनाव में सत्ता के प्रभाव के बावजूद कांग्रेस को हार का मुंह देखना पड़ा है। भाजपा समर्थित उम्मीदवार सुशील कालिया ने 2670 मतों के अंतर से यह उपचुनाव जीत कर भाजपा को विधानसभा चुनाव में मिली हार के जख्मों पर मरहम लगाने का काम किया है। सुशील कालिया को इस उपचुनाव में कुल 11 हजार मतों में से 6714 मत मिले, तो कांग्रेस के दलविंदर सिंह बबली को महज 4044 मतों से संतोष करना पड़ा। इस उपचुनाव



में 203 मत रिजेक्ट किए गए, तो 39 मत नोटा को मिले।

वीरवार को डा. भीम राव अंबेडक बहुतकनीकी संस्थान अंबोटा में इस उपचुनाव के लिए मतगणना पांच राउंड में हुई और 6 राउंड में सुशील कालिया बाजी मारते चले गए। सबसे पहले घर-घर जाकर 80 साल से अधिक व पचास प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के करवाए गए मतदान की मतगणना की गई। जिसमें दलविंदर सिंह को 111 मत मिले, तो सुशील कालिया 190 मत हासिल करने में कामयाब रहे। इसके बाद दूसरे राउंड की हुई गणना में सुशील कालिया को 1587 मत मिले, तो दलविंदर सिंह को महज 734 मत ही मिल पाए। हर राउंड में ही सुशील कालिया कांग्रेस के दलविंदर सिंह को मात देते दिखे। तीसरे राउंड में भी सुशील कालिया ने 1467 मत हासिल किए, तो दलविंदर सिंह को 895 मत ही मिले। चौथे राउंड में सुशील कालिया 1531, तो दलविंदर सिंह 820 मत हासिल कर पाए। हालांकि पांचवें राउंड में दलविंदर सिंह ने एक हजार से ज्यादा मत हासिल किए, लेकिन इस राउंड में भी सुशील कालिया बारह सौ से ज्यादा मत ले गए और अंतिम राउंड की गणना के बाद सुशील कालिया ने यह चुनाव 2670 मतों के अंतर से जीत लिया। सुशील कालिया ने इसे लोअर भंजाल जिला परिषद वार्ड की जनता तथा भाजपा के सामूहिक प्रयासों की जीत करार दिया।

कांग्रेस व विधायक से जनता का मोह भंग

वहीं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने कहा कि जनता को गुमराह करके तो कांग्रेस यहां से विधानसभा चुनाव जीत गई, लेकिन जनता का दिल अपनी कार्यशैली से ही जीता जा सकता है।

# पत्रकारों के हमले की जांच करने डीआईजी पहुंचे ऊना

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

रायपुर सहोड़ा स्थित आइओसीएल एलपीजी बॉटलिंग प्लांट के बाहर पत्रकारों पर हुए हमले मामले की समीक्षा करने डीआईजी अभिषेक दुल्लर खुद ऊना पहुंचे। डीआईजी ने प्लांट के बाहर पहुंचकर मौके का निरीक्षण भी किया। इस दौरान एसपी ऊना अर्जित सेन, एएसपी संजीव भाटिया, डीएसपी हरोली मोहन रावत व डीएसपी हैडक्वार्टर अजय ठाकुर मौजूद रहे।

डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों से समीक्षा के साथ-साथ इस मामले को लेकर कड़ी कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए। डीआईजी ने बताया कि



पुलिस द्वारा घटनास्थल पर आइओसीएल प्लांट का रास्ता रोकने के लिए खड़े किए गए चार ट्रकों को जब्त कर लिया है। इतना ही नहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए आइओसीएल प्लांट को लिखित रूप में ट्रक ऑपरेटर यूनियन के खिलाफ अदालत की अवमानना मामले को लेकर भी शिकायत करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि ट्रक ऑपरेटरों ने अदालत के निर्णय की अवमानना की है, लिहाजा इंडियन आयल कारपोरेशन एलपीजी बॉटलिंग प्लांट प्रबंधन इस मामले में पार्टी होने के नाते इस पर अदालत की अवमानना मामले को लेकर हाईकोर्ट में आगामी शिकायत कर सकता है।

डीआईजी अभिषेक दुल्लर ने कहा कि पत्रकारों पर हुआ हमला बेहद गंभीर मामला है, मीडिया की भूमिका हमारे देश और समाज के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, जिसके चलते पत्रकारों की सुरक्षा को पुख्ता बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

डीआईजी ने कहा कि आईओसीएल प्लांट के बाहर हुए मामले को लेकर ट्रक ऑपरेटर

## न्यूज फ्लैश

### अंबाला के किसानों ने दिल्ली में पहलवानों को दिया समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** दिल्ली में पिछले कई दिनों से पहलवान व खिलाडी जतंर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे है। अंबाला के किसान भी खिलाडियों के समर्थन में उतर आए है। भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के वरिष्ठ नेता बलजिन्द्र सिंह कंबोज ने बताया कि हमारा समर्थन भी इन खिलाडियों के साथ है। जल्द ही कार्यकारिणी की मीटिंग में लिए गए फै सलों को अमल में लाया जाएगा। जरूरत पडी तो अंबाला से भी अनेक किसान दिल्ली जाएगें तथा इन खिलाडियों का हौसलां बढाएगें।

उन्होनें कहा कि सरकार को चाहिए कि वह पहलवान खिलाडियों की मांगों को जल्द ही मान लें। अन्यथा यह धरना प्रदर्शन इसी प्रकार जारी रहेगा। उन्होनें कहा कि अधिकतर खिलाडी व पहलवान किसान परिवारों से है। तथा कडी महेनत कर इस मुकाम पर पहुचें है। ऐसे में उनके साथ सरकार की इस प्रकार की नीति बिल्कुल भी बर्दाशत नही की जाएगी। कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ आंदोलन कर रहे पहलवानों और दिल्ली पुलिस के बीच बुधवार रात को झड़प हो गई थी। इसके बाद धरना दे रहे पहलवान और भड़क गए हैं। यही नहीं पहलवान बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट ने यहां तक कह दिया कि जीते हुए मेडल हम सरकार को लौटा देंगे। बजरंग पूनिया ने कहा कि अगर देश का नाम रोशन करने पर भी ऐसा सलूक होता है, तो हमें ये पदक नहीं चाहिए। दिल्ली पुलिस और बृजभूषण के आदमी शुरू से ही इस धरने को खराब करना चाहते हैं। कभी जातिवाद, कभी क्षेत्रवाद का नाम दिया जा रहा है। उनके बाद विनेश फोगाट ने भी मेडलों को वापस लौटाने की बात कही।

### नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट का आईपीओ मंगलवार, 9 मई, 2023 को खुलेगा

**नोएडा।** 17 सर्वोत्तम कोटि के ग्रेड ए अर्बन कंजप्शन सेंटर, 2पूरक होटल परिसंपत्तियों और तीन कार्यालयीय परिसंपत्तियों सहित भारत के कंजप्शन सेंटर्स के सबसे बड़े पोर्टफोलियो (स्रोत: सीबीआरई रिपोर्ट, पूरे किए गए क्षेत्र के अनुसार) पर मालिकाना हक रखने वाले, नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट ने कुल 32,000.00 मिलियन रुपये तक प्रति यूनिट के नकद मूल्य पर यूनिट्स का आईपीओ मंगलवार, 9मई, 2023 खोलने का प्रस्ताव दिया है। विन्फोर्ड इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड (ब्लैकस्टोन फंड्स की पोर्टफोलियो कंपनी), नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट का स्पॉन्सर है और नेक्सस सेलेक्ट मॉल मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, मैनेजर है। एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड, नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट का ट्रस्टी अर्थात न्यासी है। इस आईपीओ में कुल 14,000.00 मिलियन रुपये तक की यूनिट्स का नया इश्यू ("फ्रेश इश्यू") और विक्रेता यूनिटधारकों के कुल 18,000.00 मिलियन रुपये तक की यूनिट्स का ऑफर फॉर सेल ("ऑफर फॉर सेल" और नए इश्यू को मिलाकर "ऑफर") शामिल है।

ब्लैकस्टोन के एशिया पैसिफिक के चेयरमैन और रियल इस्टेट एशिया के हेड, क्रिस हेडी ने कहा: "हमें भारत के पहले खुदरा-केंद्रित रिट, नेक्सस सिलेक्ट ट्रस्ट को लॉन्च करने की खुशी है। नेक्सस सेलेक्ट मॉल मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, दलीप सहगल ने कहा: "नेक्सस सिलेक्ट ट्रस्ट भारत का सबसे बड़ा मॉल प्लेटफॉर्म है और भारत के अनूठे खपत अनुकूल वातावरण का लाभ उठाने के लिए सशक्त है। हमें भारत की खुदरा यात्रा में सबसे आगे रहने की बेहद प्रसन्नता है।"

### फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने सेबी के यहाँ डीआरएचपी फाइल किया

**नोएडा।** विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में बैंक रहित और कम बैंकिंग सुविधा वाले ग्राहक खंडों पर केंद्रित "डिजिटल-फर्स्ट" एसएफबी, फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ("बैंक") ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दायर किया है। बैंक की योजना 10 अंकित मूल्य की इक्विटी शेयर पूंजी के निर्गमन के जरिए आईपीओ के माध्यम से फंड जुटाना है जिसमें कुल मिलाकर ? 625 करोड़ तक का फ्रेश इश्यू ("फ्रेश इश्यू") और प्रमोटर एवं निवेशक विक्रेता शेयरधारकों के कुल 17,000,000 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल ("ऑफर फॉर सेल") शामिल है। बैंक ने अपनी भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंक के टियर- कपूंजी आधार को बढ़ाने के लिए नए इश्यू की शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव दिया है। इक्विटी शेयरों की पेशकश में फिनकेयर बिजनेस सर्विसेज लिमिटेड (प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर") के 14,934,779 इक्विटी शेयर और वैगनर लिमिटेड के 471,754 इक्विटी शेयर, ट्रू नॉर्थ फंड श एलएलपी के 444,140 इक्विटी शेयर, इंडियम क्ष (मॉरीशस) होल्डिंग्स लिमिटेड के 430,842 इक्विटी शेयर, ओमेगा टीसी होल्डिंग्स पीटीई लिमिटेड के 223,955 इक्विटी शेयर; लीपफ्रॉग रूरल इंक्लूजन (इंडिया) लिमिटेड के 130,787 इक्विटी शेयर; कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के 126,151 इक्विटी शेयर; एडलवाइस टोकियो लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के 116,981 इक्विटी शेयर; भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के 45,710 इक्विटी शेयर; सिल्वर लीफ ओक (मॉरीशस) लिमिटेड के 35,092 इक्विटी शेयर; टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के 20,572 इक्विटी शेयर और जुनो जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व नाम एडेलवाइस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड) ("इन्वेस्टर सेलिंग शेयरहोल्डर्स") ("सामूहिक रूप से विक्रेता शेयरधारक") के 19,237 इक्विटी शेयर शामिल हैं।

# यूपी : तूफान 'मोचा' के असर पर संशय बरकरार

## तूफान की गति बढ़ने पर उत्तर प्रदेश में तेज आंधी के साथ होगी बारिश



**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर/ समुद्री गतिविधियों** में बढ़ रही हलचल से इस साल का पहला चक्रवाती तूफान 'मोचा' सक्रिय होने को अग्रसर है। यह तूफान उत्तर प्रदेश में कहां तक असर डालेगा इस पर संशय बरकरार है। फिलहाल इसके जद में ओडिशा सहित तटीय राज्य और पूर्वोत्तर के राज्य आ सकते हैं। अगर गति बढ़ी तो उत्तर प्रदेश में भी इसका असर पड़ेगा और तेज आंधी के साथ बारिश होगी। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एन. सुनील पाण्डेय ने गुरुवार को बताया कि मई के दूसरे सप्ताह में तूफान आने के आसार हैं। सप्ताह के अंत तक या फिर अगले महीने की शुरूआत में चक्रवाती तूफान की प्रबल आशंका है। इस चक्रवात का असर पूर्वी भारत से लेकर बांग्लादेश और म्यांमार तक रहने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिक कम दबाव में हो रहे बदलाव पर नजर बनाए हुए हैं। यदि यह चक्रवात सक्रिय होता है तो यह 'मोचा' नाम से जाना जाएगा। यमन ने बंगाल की खाड़ी में संभावित चक्रवात का नाम 'मोचा' रखा है। 5 मई तक दक्षिण बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। यह और तीव्र होकर डिप्रेशन में बदल सकता है। हालांकि, यह चक्रवात में बदलेगा या नहीं, इस बारे में कोई साफ जानकारी नहीं है। कम दबाव का क्षेत्र बनने के बाद यह साफ हो जाएगा कि चक्रवात बनेगा या नहीं। बताया कि इस कम दबाव के क्षेत्र का ओडिशा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि समुद्र की सतह के गर्म तापमान से चक्रवात बन जाता है, इसलिए यह देखना होगा कि डिप्रेशन या अवसाद कैसे तीव्र होता है। साल 2022 में चक्रवात 'असानी' मई के पहले सप्ताह में बना था और मई के दूसरे सप्ताह में सिमट गया था। इसने मॉनसूनी हवाओं को अंडमान सागर में खींच लिया था, लेकिन ये इन्हें आगे नहीं खींच पाया। अभी तक अधिकतर चक्रवातों का गठन मई के महीने में होता देखा गया है। इससे पहले के वर्षों में भी इस माह में आसनी, तौकते और यास आदि चक्रवातों ने दस्तक दी थी। बंगाल की खाड़ी में चक्रवात आएगा या नहीं और इसके संभावित प्रकोप के बारे में अभी सटीक भविष्यवाणी नहीं की जा सकती है। रही बात उत्तर प्रदेश की तो इस तूफान की गति पर निर्भर करता है।

## 'हरियाणवी संस्कृति को देश व दुनिया तक पहुंचाने में कलाकारों का अहम योगदान'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत हरियाणवी सुपर** स्टार भाई केडी ,खासा आला चाहर व ऑस्ट्रेलिया की धरती पर हरियाणवी कल्चर को बढ़ावा देने वाले विकास शयोराण व रितू शयोराण का अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के हरियाणा प्रतिनिधि डॉ नवीन नैन भालसी पानीपत पहुंचने पर स्वागत किया। इस मौके पर एनआरआई विकास शयोराण ने बताया कि हरियाणवी संस्कृति हमारी ऐतिहासिक धरोहर है,उसको हम कभी भुला नही सकते और हमें अपनी संस्कृति को आगे बढ?ा की जरूरत है। वहीं डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि विकास शयोराण पिछले काफी समय से आस्ट्रेलिया की धरती पर हरियाणवी क्लचर प्रोग्राम भी करवाते रहते है ओर हरियाणवी सभ्यता एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए लोगों को प्रेरित भी करते रहते है। उन्होंने कहा कि हरियाणावी सभ्यता एवं संस्कृति को कलाकारी के माध्यम से केडी द रॉकस्टार व खासा आला चाहर भाईयों ने भी देश व दुनिया में रोशन किया है।

## एंटी नारकोटिक्स सेल अंबाला के पुलिस दल को मिली बड़ी सफलता



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**पुलिस अधीक्षक** अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा के कुशल मार्गदर्शन एवम उचित दिशा-निदेशार्नुसार अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने के लिए नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विशेष अभियान के दौरान 02 मई को ए0एन0सी0-सैल अम्बाला के पुलिस दल ने उप-निरीक्षक विनोद कुमार के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना मुलाना क्षेत्र पचंकुला-यमुनानगर रोड़ टी-प्वांयट गावँ सुहाना.के नजदीक से काले रंग की एक्टिवा नम्बर एच0आर0-54-एफ-9393 पर सवार आरोपी मनप्रीत उर्फ लक्की निवासी गावँ साहा थाना साहा वर्तमान पता नजदीक रामपुर कालोनी यमुनानगर को रोककर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1000 नशीले कैप्सूल्ज बरामद हुए। आरोपी को नशीले कैप्सूल्ज सहित गिरफ्तार कर थाना मुलाना में मुकदमा नम्बर 158 दिनांक 02 मई 2023 एन0डी0पी0एस0 एक्ट की धारा 22-61-1985 के अर्न्तगत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर-के 02 दिन का रिमाण्ड प्राप्त किया, ताकि आगामी कार्यवाही की जा सके। अनुसंधान जारी है। एन्टी-नारकोटिक सैल अम्बाला की पुलिस टीम को 02 मई 2023 को मुखबर खास ने सूचना दी थी कि आरोपी भारी मात्रा में नशीले कैप्सूल्ज की तस्करी का कार्य करता है।

## पदोन्नति में आरक्षण की घोषणा पर अमल नहीं कर रही सरकार

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ की महत्वपूर्ण वर्चुअल मीटिंग संपन्न हुई। मीटिंग को संबोधित करते हुए हजरस राज्य प्रधान डॉ दिनेश व राज्य कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश सरोहा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 12 जून 2022 व 3 फरवरी 2023 को लगातार दो बार महापुरुषों की रैलियों में अनुसूचित जाति वर्ग को पदोन्नति में आरक्षण लागू करने के लिए आश्वस्त किया था।

नरवाना की रैली में रविदास जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री महोदय ने समाज के सामने यह कहा था कि मेरा विश्वास कीजिए कि 3 महीने में पदोन्नति में आरक्षण लागू कर दिया जाएगा।

## भाजपा खिलाड़ियों का साथ देने की बजाय बृजभूषण का कर रही बचाव: महाजन



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव अतुल महाजन ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि देश का मान सम्मान बड़ाने वाले पहलवानों को आज दिल्ली में जंतर मंतर पे बृजभूषण के खिलाफ लड़ाई लड़नी पड़ रही है । अतुल महाजन ने कहा की भाजपा सरकार खिलाड़ियों का साथ देने की बजाए बृजभूषण का बचाव करती नजर आ रही है ।दिल्ली पुलिस द्वारा कल रात को खिलाड़ियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया उनके साथ बदसलूकी की गई.बेटी बचाओ बेटी पढ़ायो का नारा देने वाली सरकार और उनके नेताओं द्वारा देश के खिलाड़ियों के लिये एक भी शब्द नहीं निकल रहा। अतुल महाजन ने कहा की कल रात दीपेंदर सिंह हुड्डा जी को भी दिल्ली पुलिस द्वारा खिलाड़ियों से मिलने के लिये रोक दिया गाया . यह हिंदुस्तान एक प्रजांतंत्र देश है जहां हर इंसान को अपनी बात रखने का हक है पर दिल्ली सरकार द्वारा पहलवानों को तंग किया जा रहा है। भाजपा सरकार द्वारा आरोपी को बचाया जा रहा है । आज देश की बहन,बेटियाँ भाजपा के राज में सुरक्षित नहीं हैं.सारे भारतवासी इस घटनाकर्म को देख रहें हैं और आने वाले समय इसका जवाब सरकार को वोट के जरिए देंगे। यह देश का गौरव बढ़ाने वाली हिंदुस्तान की बेटियां जो अपने सम्मान के लिए शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन कर रही हैं के साथ ऐसा बर्बरता पूर्ण कायराना कार्रवाई कर सकते हैं। तो उम्मीद करिए आने वाला वक्त इससे भी बुरा होने वाला है सत्ता के नशे में अंधी हो रही भाजपा सरकार तानाशाही की तरफ जा रही है जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए बहुत भयानक परिणाम देगा.अमित शाह की पुलिस द्वारा देश की बेटियों के साथ ऐसा व्यव्हार अमानवीय और असहनीय हैं।

## बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे स्व.नरेंद्र सूरा: धर्मपाल मलिक



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत गुरु सदन,** बड़वासनी के संस्थापक चेयरमैन व हरियाणा नर्सिंग कॉलेज एसोसिएशन के राज्य प्रधान स्व.नरेंद्र सूरा की तेरहवीं पर आयोजित शोकसभा में भारी सख्या में पहुंचे जिलेवासियों ,परिजनों , स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। सभी ने स्वास्थ्य, नर्सिंग व स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को याद किया । इस अवसर पर गुरु सदन पहुंचे पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक, बाबा भोलादास, द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, द्रोणाचार्य अवार्डी राज सिंह छिक्कारा, सिविल हॉस्पिटल के शिशु रोग विशेषज्ञ डा.रविशंकर, शिक्षाविद मेहर सिंह आर्य, भगत सिंह, पूर्व एईओ जगबीर मलिक, राजपाल आदि ने स्व.नरेंद्र सूरा के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके परिजन से मिलकर ढांढस बंधाया । इससे पहले प्रगति नगर स्थित उनके निवास पर तेरहवीं व हवन किया गया। इस दौरान स्व.नरेंद्र सूरा के परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक ने कहा कि स्व.नरेंद्र सूरा बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे । उनका आकस्मिक निधन होना हम सभी के लिए अत्यंत दुखद है । उनका जीवन एक ध्येय समर्पित तथा समाज एवं राष्ट्र के प्रति संवेदनशील रहा है । सोनीपत जिले में स्वास्थ्य, नर्सिंग व स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में उनके नेतृत्व में किया गया कार्य हम सभी के अंतःकरण में सदा ही स्मृति में रहेगा । गुरु सदन परिसर में गीतांजलि स्कूल, रूरल नर्सिंग ट्रेनिंग संस्थान व मैक्सफोर्ट हॉस्पिटल का सफलतापूर्वक संचालन उन्होंने समाज में शिक्षा,खेल व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की अलख जगाई। द्रोणाचार्य अवार्डी राज सिंह छिक्कारा ने कहा कि लड़कियों की शिक्षा व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए क्रांतिकारी कदम उठाए । जरूरतमंदों की उन्होंने हर तरह से मदद की । सिविल हॉस्पिटल के शिशु रोग विशेषज्ञ डा.रविशंकर ने कहा कि कोरोना काल में लगातार 52 दिनों तक लंगर चला कर मानवता की अनोखी मिसाल पेश की । कोरोना काल में मरीजों को हुई परेशानियों को देखते हुए ही उन्होंने सौ बेड का अस्पताल खोला। उनकी प्रेरणा से कोरोना काल में उनके संस्थान की छात्र-छात्राओं ने अपनी जिंदगी दांव पर लगाते हुए गुड़गांव व मानेसर स्थित अस्पतालों में दो महीने तक अपनी सेवाएं देकर एक मिशाल पेश की थी । नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या राजकुमारी रंजीता देवी ने कहा कि स्व.नरेंद्र सूरा कहते थे कि नर्सिंग एक ऐसा क्षेत्र है जो सीधे इंसानियत की सेवा से जुड़ा है। पीड़ित मानवता की सेवा, ईश्वर की सेवा है। स्कूल की प्राचार्या ए.शर्मिला ने कहा कि गुरु सदन परिवार उनके बताए रास्ते पर लगातार आगे बढ़ता रहेगा ।

## डीएसआर मशीनों पर अनुदान के अंतिम तिथि 10 मई

**भू-जल को सुधारने के लिए विभाग की तरफ से किसानो से डीएसआर विधि से धान की बीजाई करने की अपील की है**

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अम्बाला कृषि** एव किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ0 जसविद्र सिंह ने लगातार गिरते हुये भू-जल को सुधारने के लिए विभाग की तरफ से किसानो से डीएसआर विधि से धान की बीजाई करने की अपील की है।

विभाग द्वारा काफी व्यापक योजनाए चलाई जा रही है,जिसके तहत जिला अम्बाला में 35 डीएसआर मशीनों पर अनुदान प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 30.04.2023 थी जिसे बढ़ाकर 10.05.2023 तक कर दी गई है इस मशीन पर कुल मूल्य पर 50 प्रतिशत या 40 हजार रुपए जो भी कम हो, वह अनुदान राशि दी जाएगी । इस पर अनुदान के लिए किसान ट्रैक्टर की वैध आरसी के साथ, मेरी फसल-मेरा ब्योरा, आधार कार्ड,पैन कार्ड, परिवार पहचान पत्र, बैंक खाता व अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र (यदि अनुसूचित जाति से हो तो) की जरूरत पड़ेगी। 7 किसान विभागीय पोर्टल एग्री हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पर 10 मई तक डीएसआर मशीनों पर अनुदान हेतू अपलोड करवा सकते है । उन्होने बताया की किसान मशीन से धान की सीधी बीजाई करना चाहते है, उनको विभाग की तरफ से 4 हजार रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी 7 इसके लिए किसानो को मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाना होगा 7 विभाग द्वारा पिछले वर्ष भी एक डीएसआर मशीन पर अनुदान का लाभ दिया गया था।

## छोटे बच्चों में संस्कारों की कमी देखी जा रही: राजीव परूथी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
पीएससी अकेडमी में एक कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य जूनियर बच्चों को लेकर था इस मौके पर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा दिन प्रतिदिन छोटे बच्चों में संस्कारों की कमी देखी जा रही है छोटे बच्चे जब मजाक में बड़ों के साथ कुछ ऐसा बर्ताव करते हैं जो कि गलत है हम उसे हंसी मजाक में अनदेखा कर देते हैं। एवं बच्चा कहकर बहुत जल्दी माफ कर देते हैं आज कल मां-बाप के अंदर बच्चों के प्रति लाड प्यार की भावना इस कदर बढ़ गई है कि वह बच्चे को डांट भी नहीं रहा। पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने यह चिंता जताई यदि यही चलता रहा तो आने वाली पीढ़ी भविष्य में बड़ों के साथ कुछ ऐसा बर्ताव करेगी जो की सहन करने योग्य नहीं होगा, राजीव परुथी के अनुसार हमें छोटे बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए।

## 'उद्योग लगाने के लिए औपचारिकताएं पूरी करें विभाग'



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**उद्योग** स्थापित करने से सम्बन्धित जो कनैक्शन या अन्य औपचारिकताएं पूरी करने की समय अवधि है उसके तहत सम्बन्धित विभाग के पास जो आवेदन आते हैं,

अधिकारी उसे समय अवधि के तहत करना सुनिश्चित करें। टावर के साथ-साथ कोई भी पैंडसी लम्बित नहीं रहनी चाहिए। उपायुक्त अपने कार्यालय में जिला स्तरीय कलियरैंस इडस्ट्रीज विषय से सम्बन्धित बैठक की समीक्षा कर रहे थे।

समीक्षा बैठक करते हुए उपायुक्त ने एंजैडे में रखे बिंदुवार बिजली निगम, जिला नगर योजनाकार, नगर निगम, नगर परिषद, खनन विभाग, श्रम विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ उनके विभाग से सम्बन्धित जो औपचारिकताएं की जानी थी उसकी जानकारी हासिल की। उन्होंने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को कहा कि जो भी आवेदन उन्हें प्राप्त होता है, उस पर समय अवधि के तहत कार्य करना सुनिश्चित करें। यदि आवेदनकर्ता के दस्तावेज अधूरे हैं या उसने फीस नही भरी है उसे इस बारे अवगत करवाएं।

सम्बन्धित विषय से सम्बन्धित जो भी कार्य अवधि है यानि 45 दिन के अंदर उसे करना सुनिश्चित करवाएं और उसे पोर्टल पर भी अपलोड करवाएं। यदि आवेदनकर्ता द्वारा दस्तावेज एवं अन्य औपचारिकताएं पूरी नहीं की जाती तो उसे रिजैक्ट करें।

## माइनिंग तथा क्रेशर जोन में कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत होंगे कई विकास कार्य



**इस कार्य की सूची संबंधित फर्म एक सप्ताह के अंदर-अंदर जिला प्रशासन को सौंपे**

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल । कॉरपोरेट** सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत माइनिंग तथा क्रेशर जोन के आस-पास लगने वाले गांवों के स्कूलों में ई लाइब्रेरी, फर्नीचर, वाटर कूलर, रास्ते तथा खेल ग्राउंड के ट्रैक आदि विकास कार्य करवाए जाएंगे। इस कार्य की सूची संबंधित फर्म एक सप्ताह के अंदर-अंदर जिला प्रशासन को सौंपे। उसके बाद जिला प्रशासन उनको स्वीकृति देने के बाद एस्टीमेट भिजवाएगा। यह निर्देश उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस ने आज लघु सचिवालय में क्रशर तथा माइनिंग कंपनियों के प्रबंधकों तथा मालिकों के साथ हुई बैठक में दिए। डीसी ने सभी फर्म के प्रबंधकों को निर्देश दिए कि जिस क्षेत्र में कंपनी कार्य करती हैं उस क्षेत्र में विकास कार्य करवाना संबंधित कंपनी की नैतिक व सामाजिक जिम्मेदारी है। जो भी कंपनी नियमों के तहत कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी नहीं पूरी कर रही है उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीएसआर फंड का पैसा सीधे किसी भी सरपंच को नहीं दिया जाएगा बल्कि वह बीडीपीओ के माध्यम से ग्राम पंचायत को दिया जाएगा। इसके अलावा जो भी विकास कार्य होंगे वे जिला प्रशासन की स्वीकृति के बाद ही होंगे। बिना स्वीकृति लिए कोई भी कार्य सीएसआर के तहत नहीं माना जाएगा। ग्राम पंचायतों के साथ जो एग्रीमेंट हुआ है उसे कानून अनुसार पूरा किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि माइनिंग तथा क्रेशर जोन में सरकार द्वारा निर्धारित सभी नियमों की पालना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की इस विषय पर यह पहली बैठक है। सभी कंपनियों को नियमों की पालना करने के लिए आगाह कर दिया गया है। भविष्य में अगर किसी भी नियम की पालना नहीं होगी तो जिला प्रशासन सख्त से सख्त कार्रवाई करेगा। इस मामले में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। इससे पहले माइनिंग तथा क्रशर जोन के आसपास के सरपंचों ने विकास कार्यों से संबंधित सूची उपायुक्त को सौंपी।

उनकी मांग के अनुरूप ही अब संबंधित फर्म सीएसआर फंड के तहत इन गांव में विकास कार्य करवाएगी। बैठक में एसडीएम मनोज कुमार, जिला खनन अधिकारी निरंजन कुमार तथा बीडीपीओ प्रमोद कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## पीआरपीसी ने मोबाइल वैन के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण का संदेश प्रसारित किया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत पानीपत** रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में सक्षम-2023 के तहत ह्लऊर्जा संरक्षण - नेट जीरो की ओर" विषय पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बेहतर स्वास्थ्य और पर्यावरण को बनाए रखने हेतु पेट्रोलियम उत्पादों का उचित व विवेकपूर्ण उपयोग करने के लिए हाल ही में ऑडियो वीडियो फिल्म तथा पोस्टर व बैनर, जोकि सक्षम-2023 के विषय पर आधारित थे, के माध्यम से मोबाइल वैन द्वारा आसपास के 10 गांवों में श्री एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख का संदेश प्रसारित किया। इस मोबाइल वैन को एम एल डहरिया ने मुख्य-महाप्रबंधकगण, महा-प्रबंधकगण तथा वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में पीआरपीसी के प्रशासनिक भवन के सामने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डहरिया ने जोर देकर कहा कि सक्षम का प्रमुख उद्देश्य तब तक पूरा नहीं होगा जब तक कि सभी नागरिकों को जागरूक नहीं किया जाएगा।

## संपादकीय

# जीवन जीने का धर्म

**पूजा** और प्रशस्ति के बीच बुद्ध की प्रखर चिंतन प्रक्रिया ओझल या सरलीकृत हो जाती है। उनकी चिंतन प्रक्रिया कोरे वाग्विलास की जगह व्यावहारिक समाधान की ओर उन्मुख थी। जीवन की पीड़ादायी और असंतोषजनक स्थिति उनके विचार-यात्रा का मूल थी। जन्म-मृत्यु के बंधन कारागृह जैसे ही थे। पुनर्जन्म का अनवरत चलने वाला वात्याचक्र दुःख का कारण था और इससे उबरना मुख्य समस्या थी। ईसा पूर्व पाँचवीं सदी में जन्मे महात्मा बुद्ध अपने समय में प्रचलित धर्म-कर्म, विश्वास और जीवन पद्धति की विसंगतियों से क्षुब्ध थे। इतिहास में यह वह काल था जब कृषि की समृद्धि से नगर जन्म ले रहे थे और व्यापार के माध्यम से भारत से बाहर की संस्कृति की जानकारी भी मिल रही थी। बा सम्पर्क से यह भी पता चल रहा था कि जाति विहीन समाज भी होते हैं और संस्कृत के अतिरिक्त और भी भाषाएँ बोली जाती हैं। बढ़ती सामाजिक गतिशीलता के आलोक में नए किस्म के धर्म की आवश्यकता महसूस की जाने लगी थी। तरह-तरह के कर्मकांड थे और आगे चल कर उपनिषद के वेदांत विषयक विचार के प्रतिपादन में अनादि और अनंत ब्रह्म और उसकी प्राप्ति को जीवन के लक्ष्य के रूप में प्रतिष्ठित किए जा रहे थे। जीवन परिवर्तनशील है और ब्रह्म शाश्वत अर्थात निरंतर उपस्थित रहने वाला और इस भाँति अपरिवर्तनीय। उसे शिव (कल्याणकारी) के रूप में प्रतिपादित किया गया। संभवतः ब्रह्म के साथ तादात्म्य के जरिए अमरता की प्राप्ति की अवधारणा शिवत्व का आधार थी। महात्मा बुद्ध ने हमारे अनुभव जगत की परिवर्तनशीलता और अनित्यता के घोर सत्य को स्वीकार किया। इसके साथ ही उन्होंने यह भी लक्ष्य किया कि हमारे सुख-संतोष के क्षण भी आसन्न मृत्यु की पृष्ठभूमि में अस्थायी हो जाते हैं। परिवर्तन में दुःख, कुंठा और असंतोष भी स्वभावतः आ जाते हैं। महात्मा बुद्ध के विचार में जीवन के तीन लक्षण हैं: उसका अस्थायित्व, संतोष का अभाव और आत्मा की अनुपस्थिति। चीजें अस्थायी हैं इसलिए असंतोष होगा और वे आत्मा नहीं हो सकतीं क्योंकि उसे स्थायी और शाश्वत माना गया था। यदि आत्मा है जो परिवर्तित नहीं होता जो वह हमारे जीवन में, जो सतत परिवर्तनशील है, भाग ही नहीं ले सकता और हमें उसका किसी तरह की प्रतीति या अनुभव भी नहीं हो सकता। अनुभव तो कार्य और कर्म के परिणाम का ही होता है या हो सकता है जिसका चक्र निर्वाण मिलने तक चलता ही रहता है। ध्यान रहे कि अनात्त कह कर अस्तित्व की निरंतरता को नकारते हुए बुद्ध व्यक्ति को उसकी नैतिक जिम्मेदारी से मुक्त या बरी नहीं करते। हमारी निरंतरता (आत्मा की जगह) कर्म में बनी होती है। उपनिषद के चिंतन में जो स्थायी है अधिक महत्व का और वास्तविक यानी सत्य है और दूसरी ओर जो बदलता है वह कमतर सत्य है। अपरिवर्तनशील आत्मा का अस्तित्व है। बुद्ध इसके विपरीत खड़े होते हैं। कर्म का शाब्दिक अर्थ है कार्य या क्रिया। कर्म का बाद में भविष्य में अच्छा या बुरा परिणाम होता है जैसे- किसान खेत में बीज बोते हैं और बाद में चल कर फसल काटते हैं। बुद्ध के लिए कर्म भौतिक न था। वह कर्म को उसके पीछे की भावना या मंतव्य से जोड़ते हैं जो नैतिक या अनैतिक हो सकती है। पर हम जीवन का आरम्भ साफ स्लेट से नहीं करते। हम अपने अतीत के कर्मों के दाय से युक्त होते हैं। यदि नैतिक रूप से अच्छी भावना हो तो मन शुद्ध रहता है।

# अब वक्त की जरूरत के मुताबिक काम किया जाना चाहिए



अशोक भाटिया

"राजद्रोह के कानून में सरकार के प्रति उत्तेजना या असंतोष को उत्तेजित करने की बात की गई है। आखिर असंतोष का क्या अर्थ है? क्या किसी को यह कहने का अधिकार नहीं है कि उसे सरकार से नफरत है? क्या कोई यह नहीं कह सकता कि उसे प्रधानमंत्री से नफरत है? क्या कोई यह नहीं कह सकता कि अमुक राजनेता भारत के इतिहास में सबसे बुरे हैं? यह सब भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। इस प्रकार के मामले बड़े जोश के साथ दर्ज किए जाते हैं लेकिन जांच एजेंसियों के पास अक्सर कोई सबूत नहीं होते और इसी कारण इसमें दोषसिद्धि कि दर अत्यंत कम रहती है।। यह कानून मूल रूप से लोगों में भय पैदा करता है और असंतोष को दबाने में सफल होता है"

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को आईपीसी की धारा 124अ (राजद्रोह कानून) को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई अगस्त तक के लिए टाल दी। ऐसा केंद्र सरकार के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी का पक्ष जानने के बाद किया गया। वेंकटरमानी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राजद्रोह को अपराध बनाने वाली आईपीसी की धारा 124अ की समीक्षा की जा रही है। इसकी समीक्षा पर चर्चा अंतिम चरण में है।दरअसल, बीते साल सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून पर रोक लगा दी थी। तत्कालीन सीजेआई एनवी रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने अपने आदेश में कहा था कि नई प्राथमिकी दर्ज करने के अलावा, इस कानून के तहत दर्ज मामलों की जांच और सभी कार्यवाही पर रोक रहेगी। पीठ ने अपने आदेश में आगे कहा था कि धारा 124अ की कठोरता मौजूदा वक्त में समाज के लिए ठीक नहीं है। पीठ ने कहा कि जब तक इस कानून के प्रावधानों की जांच पूरी नहीं होती, तब तक कानून के प्रावधानों का उपयोग जारी रखना ठीक नहीं होगा।सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से राजद्रोह की सीमा परिभाषित करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने आलोचकों, पत्रकारों, सोशल मीडिया यूजर्स और नागरिकों के खिलाफ राजद्रोह कानून के गलत इस्तेमाल को लेकर चिंता भी जाहिर की थी। दरअसल पिछले कुछ वर्षों में शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरा हो जिसमे राजद्रोह कानून समाचार पत्रों की सुर्खिया न रहा हो। कुछ वर्ष पूर्व सर्वोच्च न्यायालय से लेकर विधि आयोग तक इस कानून की प्रासंगिकता को लेकर प्रश्न-चिन्ह लगा चुके है, फिर भी सरकारें इस कानून को समाप्त करना तो दूर, इस पर बहस करने के लिए भी तैयार नहीं है। इससे साफ स्पष्ट हो जाता है की चाहे हम भारत के आदर्श लोकतंत्र को लेकर कितने ही कसीदे क्यों न पड़े, सरकारें अभिव्यक्ति की आजादी को, या अपनी आलोचना को सुनने के लिए कतई तैयार नहीं है। भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए के अनुसार, जब कोई व्यक्ति बोले गए या लिखित शब्दों, संकेतों या दृश्य प्रतिनिधित्व द्वारा घृणा या अवमानना या उत्तेजित करने का प्रयास करता है या भारत में कानून द्वारा स्थापित सरकार के प्रति असंतोष को भड़काने का प्रयास करता है तो वह राजद्रोह का आरोपी है। राजद्रोह एक गैर-जमानती अपराध है और इसमें सजा तीन साल से लेकर आजीवन कारावास और जुमार्ना दोनों हो सकते है।

केदार नाथ सिंह बनाम बिहार राज्य (1962) के मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने आईपीसी की धारा 124ए के बारे में स्पष्ट किया था कि इस प्रावधान का इस्तेमाल अव्यवस्था पैदा करने की मंशा या प्रवृत्ति, या कानून और व्यवस्था की गड़बड़ी, या हिंसा के लिए उकसाने वाले कार्यों तक सीमित होना चाहिए। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट की एक संविधान पीठ ने अपने फैसले में आईपीसी के तहत राजद्रोह कानून की वैधता को बरकरार रखा था और इसके दायरे को भी परिभाषित किया था। पिछले कुछ वर्षों में समय-समय पर मीडिया और पत्रकारों के ऊपर राजद्रोह के मुकदमे दर्ज किये गए हैं जैसे कि आंध्र प्रदेश में दो तेलुगु न्यूज चैनलों- टीवी 5 और एबीएन, पत्रकार विनोद दुआ के खिलाफ हिमाचल प्रदेश में दर्ज मामला, नोएडा पुलिस द्वारा कांग्रेस सांसद शशि थरूर सहित छह पत्रकारों पर राजद्रोह का मामला, केरल के पत्रकार सिद्दीकी कप्पन और मणिपुर के पत्रकार किशोरचंद्र वांगखेम के खिलाफ इसी प्रकार के मुकदमे दर्ज किये गए। देखा जाये अभिव्यक्ति कि स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का यह कानून स्पष्ट रूप से उलंघन करता है, इस कानून के आधार पर सरकारें लोगो को डराने-धमकाने का काम करती रही है। अगर आपराधिक कानून कि कोई धारा अस्पष्ट है तो लोगो को उस धारा के अधीन नहीं किया जा सकता जो उसे आजीवन जेल में डाल सकती हो। हाल ही में जितने भी पत्रकारों के खिलाफ देशद्रोह के मामले दर्ज किये है उनमे से किसी भी पत्रकार ने कोई हिंसक कार्य नहीं किया फिर उन्हें गिरफ्तार करने का औचित्य समझ से परे है।

राजद्रोह के कानून में सरकार के प्रति उत्तेजना या असंतोष को उत्तेजित करने की बात की गई है। आखिर असंतोष का क्या अर्थ है? क्या किसी को यह कहने का अधिकार नहीं है कि उसे सरकार से नफरत है? क्या कोई यह नहीं कह सकता कि उसे प्रधानमंत्री से नफरत है? क्या कोई यह नहीं कह सकता कि अमुक राजनेता भारत के इतिहास में सबसे बुरे हैं? यह सब भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। इस प्रकार के मामले बड़े जोश के साथ दर्ज किए जाते हैं लेकिन जांच एजेंसियों के पास अक्सर कोई सबूत नहीं होते और इसी कारण इसमें दोषसिद्धि कि दर अत्यंत कम रहती है।। यह कानून मूल रूप से लोगों में भय पैदा करता है और असंतोष को दबाने में सफल होता है। दरअसल यह कानून एक औपनिवेशिक विरासत है जिसे लागू करके औपनिवेशिक शक्तियों ने अपनी प्रजा को दबाने की कोशिश की थी। महात्मा गांधी भी इस कानून की सजा पाने वालों में से एक थे। राजद्रोह के कानून पर लॉ कमीशन ने 2018 में स्पष्ट किया था कि लोकतंत्र में एक ही गीत की किताब से गाना देशभक्ति का पैमाना नहीं है और लोगों को अपने तरीके से अपने देश के प्रति अपना स्नेह दिखाने के लिए स्वतंत्र होना चाहिए और ऐसा करने के लिए सरकार की नीति में खामियों की ओर इशारा करते हुए कोई रचनात्मक आलोचना या बहस की जा सकती है। कमीशन के अनुसार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के हर गैर-ज़िम्मेदाराना प्रयोग को राजद्रोह नहीं कहा जा सकता है। इस कानून के जनक यूनाइटेड किंगडम ने दस साल पहले ही इसे समाप्त कर दिया था। फिर भारत में इसे बनाये रखने का क्या औचित्य है? राजद्रोह का दायरा क्या होना चाहिए इन सब बातो को लेकर सरकारों को खुले दिमाग से सोचने कि आवश्यकता है किसी भी भय के माहौल में अभिव्यक्ति कि आजादी बेमानी हो जाती है। जब न्यायपालिका और विधि आयोग बार-बार इस कानून को लेकर संदेह प्रकट कर चुके है तो फिर इसे एक हथियार के रूप में बनाये रखने का औचित्य समँझ से परे है। आज देश में लोकतंत्र और उसकी परम्पराये इतनी आगे बढ़ चुकी है कि जन-प्रतिनिधियों से कठोर सवाल तो पूछे ही जायेंगे जो जरुरी भी है। जाति धर्म और क्षेत्रीय हितो के आधार पर एक बहुआयामी समाज में किसी न किसी वर्ग के द्वारा असंतोष प्रकट करना स्वाभाविक सी बात है। जन प्रतिनिधि सरकारों का यह दायित्व है कि उस असंतोष को दूर करे न कि एक भय का वातावरण निर्मित करे जिसमे सवाल-जवाब कि कोई गुंजाईश न हो।

गौरतलब है कि भारत की स्वतन्त्रता के बाद संसदीय लोकतन्त्र अपनाये जाने के बाद भारतीय दंड संहिता विधान की धारा 124(ए) को बरकरार रखना इसलिए अनुचित था क्योंकि संसदीय प्रणाली के लोकतन्त्र में सत्ता या सरकार की कटु आलोचना से लेकर शासन की नीतियों के खिलाफ जन आन्दोलन चलाना इस प्रणाली का अन्तरंग हिस्सा था और पूरी तरह अहिंसक रास्ते से जनता का समर्थन प्राप्त करते हुए सरकार बदलना भी इसी लोकतन्त्र का राजनैतिक धर्म था। लोकतन्त्र में सरकार डंडे के बूते पर नहीं चलती बल्कि इकबाल यानि प्रतिष्ठा के भरोसे चलती है और संविधान द्वारा नियत किये रास्ते पर चलती है। इस प्रणाली में बेशक शासन चलाने का अधिकार जनता की मर्जी से ही पूरी राजनैतिक चुनावी प्रणाली का पालन करते हुए कुछ लोगों को मिलता है मगर वे शासक या हुक्मरान पारंपरिक राजसत्ता के नियमों के अनुसार नहीं होते बल्कि जनता द्वारा ही चुने गये ऐसे नुमाइन्दें होते हैं जो केवल पांच वर्ष के लिए सत्ता से जुड़े सभी प्रतिष्ठानों के अभिभावक होते हैं और लोगों की अमानत का संरक्षण करते हैं जिसे राष्ट्रीय सम्पत्ति कहते हैं। इस प्रकार लोकतन्त्र में मालिक नहीं होते बल्कि संरक्षक होते हैं। इसे इस प्रकार भी कह सकते हैं कि लोकतान्त्रिक पद्धति से चुनी गई सरकार किसी जागीर की मालिक नहीं होती बल्कि केवल प्रबन्धक होती है। आज लोकतन्त्र की आधारशिला ही असहमति या मतभेद अथवा सकारात्मक विरोध होता है।



## कविता

**समंदर को भी जरा आस से मचलने दो।**

नदियों को थोड़ा सुकून से रहने दो।
समंदर को भी प्यास से तड़पने दो ।

नदियों को आरजू मिलन की बहुत है।
समंदर को भी जरा आस से मचलने दो।

आग तो आग है,इधर हो या उधर हो।
प्रेमियों को भी इस अगन से झुलसने दो।

मोहब्बत भी गहरा नशा है दोस्तों,
उन्हें भी इश्क के नशे से झूमने दो।

कहते हैं इश्क आग का दरिया है,
उन्हें भी डूब कर दरिया से निकलने दो।

उम्र के साथ मोहब्बत भी फीकी हो जाती है,
मोहब्बत को चांदी से चमकते बालों से गुजरने दो।

संजीव ठाकुर

## भगवान विष्णु के दशावतारों में बुद्ध नहीं

**अशोक प्रवृद्ध**

**वैदिक** मतानुसार परमात्मा का तेज विशेष रूप में जब किसी पदार्थ अथवा प्राणी में आता है तो वह अवतार कहाता है ।अवतार चेतन तत्व भी होते हैं और अचेतन तत्व भी । चेतन - अचेतन का अन्तर है ईक्षण करने की शक्ति में । ईक्षण से अभिप्राय है कार्य करने का स्थान , काल और दिशा का निश्चय करना ' जो ऐसा करने की सामर्थ्य रखता है उसे चेतन कहते हैं और जो नहीं रखता वह अचेतन कहाता है । कुछ प्राकृतिक पदार्थ भी विशेष ओजयुक्त , ऐश्वर्यवान और सामर्थ्यवान देखे जाते हैं । उन्हें भी अवतार माना जाता है । यही पुराणों की पद्धति है ।दोनों में अन्तर भी स्पष्ट है। अचेतन अवतार एक कार्य के लिए ही होते हैं और उस कार्य के उपरान्त उनका अस्तित्व नहीं रहता । अचेतन अवतार इच्छानुसार अनेक कार्य करता है । इस कथन का प्रमाण भी श्रीमद्भगवदगीता में ही उपस्थित है ।परमात्मा की विशेष विभूति से युक्त पदार्थों की गणना गीता में की गई है । उस गणना में जहां राम और कार्तिकेय का कथन है , वहाँ उसमे वज्र और हिमालय का नाम भी है । जहां बृहस्पति ,भृगु को परमात्मा की विशेष विभूति वाला माना है , वहाँ अक्षरों में ओं (ओउम्) और समासों में द्वन्द्व को भी बताया है । इस प्रकार किसी भी पदार्थ को ,जिसमें परमात्मा के तेज का अंश है , उसे परमात्मा का अवतार माना है । इस प्रकार यह सिद्धप्राय है कि अवतार परमात्मा स्वयं नहीं हो सकता । कृष्ण स्वयं परमात्मा नहीं थे ।राम भी परमात्मा नहीं थे ।इसी भान्ति बुद्ध तथा अन्य अवतार परमात्मा नहीं कहे जा सकते । वे केवल परमात्मा के तेज अर्थात प्राण की विशेष मात्र को रखने वाले होते हैं ।इसके बावजूद परमात्मा के अवतार होने की समर्थन करने तथा उनके आठ अथवा दस अथवा चौबीस अवतार होने की पौराणिक बात मानने वाले ही आज बहुतायत में हैं।और इसके समर्थन में अनेकानेक कथाएँ पौराणिक ग्रंथों में भरे पड़े हैं। पौराणिक ग्रंथों में इस सम्बन्ध में प्राप्य संन्दर्भों के अनुशीलन से इस सत्य का सत्यापन होता है कि अवतार के दसवें सिंद्धांत के आधार पर भूतकाल में नौ अवतार मत्स्य, कूर्म (कच्छप), वराह, नृसिंह (नरसिम्हा), वामन, परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध अवतार हो चुके हैं और दसवाँ अवतार भविष्य में कल्कि अवतार कलियुग के समाप्ति पर होगी । श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार विष्णु के पाँच प्रारूप यथा, परमात्मा, सर्वोच्च आत्मा, परमेश्वर, सर्वोच्च शक्ति, ब्राह्मण अर्थात विद्वान के संरक्षक, विश्व रूप माने जाते हैं ।पौराणिक मान्यतानुसार जिस प्रकार विगत सभी अवतारों में विष्णु के द्वारा पापों और पापियों का नाश किया गया है उसी प्रकार कलियुग में पापियों के संहारक के रूप में कल्कि अवतार अवतरित होंगे ।पौराणिक ग्रंथों में अंकित विष्णु के अवतार की स्तुतियों के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि ऋग्वेदादि वैदिक ग्रंथों में वृतासुर और शंबरासुर के संहारक के रूप में जो इन्द्र की स्तुति की गई है, वस्तुतः वे विष्णु की ही स्तुति हैं ।वैदिक ग्रंथों के अनुसार अनेक दिव्य गुणों के कारण

## विचार

# बुद्ध पूर्णिमा- भारत कैसे आएं बुद्ध के अनुयायी

**सुनील कुमार महला**

**आज ह**मारी युवा पीढ़ी तुरंत अमीर बनना चाहती है और वह भी बिना कुछ किए धरे। बिना मेहनत के ही आज की युवा पीढ़ी अथाह धन कमाने की लालसा रखती है। जब आदमी(विशेषकर हमारी युवा पीढ़ी) बिना मेहनत के तुरंत अमीर बनने की चाहत रखता है तो वह कहीं न कहीं स्वयं को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से अपराध की दुनिया में धकेलना शुरू कर देता है और यह अपराध की दुनिया उस व्यक्ति विशेष को कहीं का भी नहीं छोड़ती, उसे बर्बाद कर देती है। बिना मेहनत के धन कमाने के लिए वह या तो चोरी ही करता है अथवा डकैती, लूटपाट या अवैध काम करता है। यहाँ तक कि बहुत बार तो तकनीक का गलत इस्तेमाल कर वह धन कमाना चाहता है। आज देश के विभिन्न हिस्सों में तकनीक का गलत इस्तेमाल कर धन कमाने का धंधा लगातार जोर पकड़ रहा है। विशेषकर हमारी युवा पीढ़ी इसमें ज्यादा लिप्त नजर आती है। आज जिधर नजर दौड़ाएं उधर ऑनलाइन सट्टेबाजी फैलती दिख रही है। वास्तव में यह बहुत ही चिंता की बात है कि आज हमारे युवा ऑनलाइन सट्टेबाजी की गिरफ्त में हैं। आज हर कहीं सट्टेबाजी का धंधा चल रहा है और यह काम पुलिस संरक्षण के बिना संभव नहीं हो सकता है। ऐसा भी नहीं है कि पुलिस इन पर कोई कार्रवाई नहीं करती है लेकिन पुलिस में भी भ्रष्टाचार, बेईमानी के चलते ऐसा संभव हो पा रहा है। एक मछली सारे तालाब को गंदा करती है। यह हमारे देश की विडंबना ही कही जा सकती है कि आज चोरी, डकैती व लूटपाट के साथ-साथ अपराधी अब तकनीक का इस्तेमाल कर गलत तरीके से पैसे कमाने में जुट गए हैं। सच तो यह है कि आज युवाओं की जरूरतें बढ़ गई हैं और वे जरूरतों को पूरा करने के लिए ऐसे हथकंडे अपनाने लगे हैं जो कि उन्हें लगातार गर्त में ही धकेल रहे हैं। आज हमारे युवा फेंटेसी एप्स के चक्कर में फंसकर अपना सर्वस्व लुटा रहे हैं। आज ऐसे फेंटेसी ऐप्स की संख्या रोजाना लगातार बढ़ती जा रही है और पिछले कुछ सालों में इनकी बाढ़ आ चुकी है। एक ही दिन में हजारों करोड़ों लोग इन ऐप्स पर अलग-अलग टीम बनाते हैं और करोड़पति बनने के लालच में आकर जमकर पैसे लगाते हैं। हालांकि अब इन गेम्स पर नकेल कसने की बात कही जा रही है, लेकिन अब भी धरातल पर कुछ विशेष नहीं हो पाया है।सबसे बड़ी चिंता इस बात की है कि युवाओं की अनावश्यक जरूरतें, बेवजह के अनगिनत शौक और जल्द अमीर बनने की हसरत का फायदा उठाकर सटोरिये इन्हें अपने जाल में फंसा रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि पुलिस की इस काले कारोबार पर बिल्कुल भी नजर नहीं है।कुछ ही घंटों में करोड़पति बनने का सपना दिखाने वाले इन ऑनलाइन फेंटेसी गेम्स की आजकल खूब बहार है। आज विभिन्न शहरों में बाजारों में, अस्पतालों के बाहर, मॉल, पार्कों, बस स्टैण्ड, कैब, ऑटो, चाय की थड़ियों, दुकानों, होटल व रेस्टोरेंट में पुलिस यदि पैनी नजर रखे तो उसे कॉपी, पेन या फिर दो- तीन मोबाइल फोन या लैपटॉप आदि लेकर बातचीत करते, वहाँ खड़े युवा नजर आ जायेंगे, उनकी हरकतों को देखकर पुलिस को सट्टेबाजी का अंदाजा हो जाता है। हैरत की बात यह है कि बड़े शहरों के व्यस्त बाजारों में तो ठेला लगाने वाले, छोटा मोटा काम करने वाले लोग तक सट्टे लगाने में सक्रिय हैं। हैरानी की बात तो यह है कि आज पुलिस की नाक के नीचे यह सब होता है। दर असल ये सब काम आपसी मिलीभगत से होता है। बिना मिलीभगत के यह संभव नहीं हो सकता है। वास्तव में, आज फेंटेसी ऐप्स का बिजनेस कितना बड़ा है, ये इसी बात से साबित हो जाता है कि इन ऐप्स के विज्ञापन में बॉलीवुड से लेकर खेल जगत के वो सितारे शामिल हैं, जिनकी विज्ञापन की फीस तक करोड़ों में होती है। फेंटेसी ऐप्स में हर साल स्टार्स की फेहरिस्त लगातार बढ़ती चली जा रही है। आज सिर्फ क्रिकेट में ही नहीं, पैसों का ये खेल तीन पत्ती(रमी गेम), लूडो, बिजनेस, और ऐसे ही बाकी दूसरे ऑनलाइन गेम्स में भी चल रहा है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# चारित्रिक शिक्षा: विशेषता या गुणवत्ता

**विजय गर्ग**

**चरित्र** एक विशेषता या गुणवत्ता के लिए खड़ा है जो व्यक्तियों को नैतिक और नैतिक कार्यों और प्रतिक्रियाओं को परिभाषित करता है। यद्यपि चरित्र का उपयोग विभिन्न अर्थों में किया जाता है, यहाँ हम सामान्य रूप से क्या गलत है और क्या सही है, पर विचार करेंगे। इसके अलावा, यह विशेष रूप से चरित्र शिक्षा है जिससे यह लेख संबंधित है। चरित्र शिक्षा बच्चों में उन गुणों को विकसित करने के लिए प्रदान की जाने वाली शिक्षा प्रणाली है जो एक समाज द्वारा सार्वभौमिक रूप से स्वीकार्य हैं। इसलिए अच्छे चरित्र का होना और ऐसे व्यक्तिगत गुणों का विकास करना चरित्र शिक्षा का उद्देश्य है। चरित्र शिक्षा की अवधारणा बहुत पुरानी है क्योंकि यह हमें माता-पिता और धर्म द्वारा सिखाई जाती है। पश्चिम में, ये स्कूलों और व्यवसायों द्वारा गोद लेने की होड़ में हैं। कुछ व्यावसायिक हैं, कुछ गैर-लाभकारी हैं और कई विशिष्ट रूप से राज्यों, जिलों और स्कूलों द्वारा स्वयं तैयार किए गए हैं। इन कार्यक्रमों का एक सामान्य दृष्टिकोण सिद्धांतों, स्तंभों, मूल्यों या गुणों की एक सूची प्रदान करना है, जिन्हें याद किया जाता है या जिनके आसपास विषयगत गतिविधियों की योजना बनाई जाती है। आमतौर पर यह दावा किया जाता है कि किसी विशेष सूची में शामिल मूल्यों को सार्वभौमिक रूप से मान्यता प्राप्त है। हालांकि, मूल मूल्यों (जैसे, ईमानदारी, नेतृत्व, दया, उदारता, साहस, स्वतंत्रता, न्याय, समानता और सम्मान) या यहां तक ??कि कितने को सूचीबद्ध करना है, पर प्रतिस्पर्धी कार्यक्रमों के बीच कोई सहमति नहीं है। कार्यक्रमों के मूल्यांकन, कार्यान्वयन या मूल्यांकन के लिए कोई सामान्य या मानक साधन भी नहीं है। चरित्र शिक्षा के तरीके बच्चों को चरित्र शिक्षा या मूल्यों की शिक्षा देने की कोई आम प्रथा नहीं है। यह मुख्य रूप से इसलिए है क्योंकि चरित्र शिक्षा में मानकों की कमी है और इसे कैसे और किसके द्वारा प्रदान किया जाना है। मोटे तौर पर हम इस शिक्षा के प्रति कुछ दृष्टिकोणों पर विचार कर सकते हैं जो स्कूली शिक्षा का एक हिस्सा हैं।

## आधुनिकता का अभिशाप

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक** दिन भगवान बुद्ध अपनी तपोभूमि के दर्शन करने और वहाँ का हालचाल जानने धरती पर पधारे। उन्हें देख आधुनिक युवक अंकमाल इस अवसर का लाभ उठाना चाहता था। वैसे भी लाभ उसी का उठाया जा सकता है जो कुछ देने की स्थिति में हो। और फिर बुद्ध तो वे होते हैं जो सिर्फ देना जानते हैं, लेना नहीं। सो उसने कहा, भगवन्! मेरी इच्छा है कि मैं संसार की कुछ सेवा करूँ, आप मुझे जहाँ भी भेजना चाहें भेज दें ताकि मैं लोगों को धर्म का रास्ता दिखाऊँ? बुद्ध हँसे और बोले- वत्स! संसार को कुछ देने से पहले अपने पास कुछ होना आवश्यक है, जाओ पहले अपनी योग्यता बढ़ाओ फिर संसार की भी सेवा करना। अंकमाल वहाँ से चल पड़ा और आधुनिक कलाओं के अभ्यास में जुट गया। लंबी-लंबी फेंकने से लेकर तू-तड़ाक कला तक पीटने से लेकर बुलडोजर चलाने तक उसने जितनी भी कलाएँ हो सकती हैं उन सबका उसने कुछ महीनों तक कठोर अभ्यास किया। अंधभक्त के रूप में सारे देश में उसकी ख्याति फैल गई। अपनी प्रशंसा से आप प्रसन्न होकर अंकमाल अभिमानपूर्वक लौटा और भगवान बुद्ध की सेवा में जा उपस्थित हुआ। अपनी योग्यता का बखान करते हुए उसने कहा- भगवन्! अब मैं संसार के प्रत्येक व्यक्ति को कुछ न कुछ सिखा सकता हूँ। जोड़-तोड़ से बिगड़े काम बना और सुधरे काम बिगाड़ सकता हूँ। अब मैं राजकाज करने की कला का पंडित हूँ। भगवान बुद्ध मुस्कराये और बोले- अभी तो तुम कलाएँ सीख कर आये हो परीक्षा दे लो तब उन पर अभिमान करना। अगले दिन भगवान बुद्ध एक साधारण नागरिक का वेश बदलकर अंकमाल के पास गये और उससे बढ़ते पेट्रोल-डीजल की कीमतों, बेतहाशा महंगाई के बारे में पूछ बैठे। अंकमाल क्रुद्ध होकर मारने दौड़ा तो बुद्ध वहाँ से मुस्कराते हुये वापस लौट पड़े। उसी दिन मध्याह्न फिर से बुद्ध भेष बदलकर अंकमाल के समीप जाकर बोले- क्या तुम संन्यासी भेष की आड़ में रंगासियार बन राजपाट करना चाहोगे? लाल बत्ती वाली गाड़ी और बड़े से भवन में रहना चाहोगे? अंकमाल को लोभ आ गया उसने कहा- हाँ-हाँ अभी चलो। भगवान बुद्ध मुस्करा दिये और चुपचाप लौट आये। अंकमाल हैरान था- बात क्या है? थोड़ी देर बाद भगवान बुद्ध पुनः उपस्थित हुए। उनके साथ आजकल की बॉलीवुड आम्रपाली थीं।

## यूक्रेन को सुरक्षा सहायता के लिए अमेरिका 30 करोड़ डॉलर और देगा

**वाशिंगटन।** यूक्रेन पर आक्रामक रूसी हमले के बीच अमेरिकी मदद का सिलसिला भी जारी है। अब अमेरिका ने 30 करोड़ डॉलर की अतिरिक्त सुरक्षा सहायता की घोषणा की है। यूक्रेन पर रूसी हमले के चौदह महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी घमासान चल रहा है। ताकतवर रूस के सामने यूक्रेन लगातार डटा हुआ है। यूक्रेन को नाटो देशों के साथ अमेरिका का भरपूर समर्थन मिल रहा है। अमेरिका इस युद्ध में यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति कर मदद पहुंचा रहा है।



अब अमेरिका ने एक बार फिर यूक्रेन की सुरक्षा सहायता के रूप में तीस करोड़ डॉलर की मदद की घोषणा की है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने तीस करोड़ डॉलर अतिरिक्त सुरक्षा सहायता की घोषणा करते हुए कहा कि यह पैकेज यूक्रेन को रूस के क्रूर, अकारण और अनुचित युद्ध के सामने बहादुरी से अपना बचाव जारी रखने में मदद करेगा। जब तक रूस युद्ध खत्म नहीं करता है तब तक अमेरिका और अन्य सहयोगी देश यूक्रेन के साथ एकजुट रहेंगे। पिछले महीने अमेरिका ने एक पैकेज में यूक्रेन को नई सैन्य सहायता के लिए 32.5 करोड़ डॉलर देने की घोषणा की थी। इस राशि से हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम के लिए अधिक आर्टिलरी राउंड और रॉकेट खरीदे जाएंगे।

## अमेरिका के अटलांटा में गोलीबारी, एक की मौत और तीन घायल, हमलावर फरार

**अटलांटा।** अमेरिका के अटलांटा स्थित एक मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग में बुधवार को हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई। गोलीबारी में तीन अन्य लोग घायल भी हुए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं टेक्सास में हमला कर पांच पड़ोसियों की हत्या के मामले में हमलावर की गिरफ्तारी के बाद पत्नी को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि स्थानीय समयानुसार, दोपहर 12.30 बजे के बाद उन्हें इसकी जानकारी मिली। पुलिस विभाग ने कहा, इलाके में लोगों को सतर्क किया गया है और सुरक्षित बाहर निकलने के लिए कहा गया है।

अटलांटा के मेयर आंद्रे डिकेंस ने कहा कि वह पुलिस के संपर्क में हैं और क्षेत्र के लोगों को पुलिस से संपर्क बनाने की सलाह दी है। बता दें कि संदिग्ध हमलावर ने चेहरे और नाक पर नकाब बांध रखा था और उसने स्वेटशर्ट पहन रखा था। उसके पीठ पर भूरे रंग का बैग था। पुलिस अधिकारी सक्रिय रूप से संदिग्ध की तलाश में जुटी हुई है। साथ ही अन्य पीड़ितों की तलाश जारी है। टेक्सास में गोलीबारी कर पांच पड़ोसियों की हत्या करने के आरोप में एक व्यक्ति की गिरफ्तारी के एक दिन बाद उसकी पत्नी को भी हिरासत में ले लिया गया है। शेरिफ ने यह जानकारी दी। ज्ञात रहे कि टेक्सास के क्लीवलैंड में एक व्यक्ति ने शुक्रवार रात राइफल से अपने पड़ोसियों पर गोली चलानी शुरू कर दी थी, जिससे पांच लोगों की मौत हो गई थी। मॉन्टगोमरी काउंटी शेरिफ रैंड हेंडरसन के अनुसार संदिग्ध फ्रांसिस्को ओरोपेजा की पत्नी दिविमारा लामर नवा (53) को गोलीबारी के सिलसिले में हिरासत में लिया गया।

## जर्मनी के स्कूल में 84 लोग हानिकारक गैस के संपर्क में आए

**बर्लिन।** दक्षिण-पश्चिमी जर्मनी के एक हाई स्कूल में करीब 84 लोगों के हानिकारक गैस के संपर्क में आने का संदेह है। जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए ने यह जानकारी दी है। डीपीए ने बताया कि अधिकतर छात्रों और शिक्षकों ने सिगेन शहर के स्कूल में गैस के संपर्क में आने के बाद स्वास्थ्य पर इसके मामूली प्रभाव महसूस किए। जबकि तीन छात्रों और एक शिक्षक को सांस की गंभीर समस्या के बाद अस्पताल ले जाना पड़ा। बुधवार की इस घटना में स्कूल को खाली करा लिया गया है और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर ली है। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि लोग गैस के संपर्क में कैसे आए। स्कूल में पढ़ाई के दौरान कई छात्रों को सांस लेने में अचानक दिक्कत होने लगी और शिक्षकों ने इमारत को खाली कराया। इसके बाद उन्होंने आपातकालीन मदद के लिए फोन किया।



# नेपाली सेना चीन से खरीद रही है तीन करोड़ डॉलर के सैन्य उपकरण

**काठमांडू।** नेपाली सेना चीन के साथ तीन करोड़ डॉलर के सैन्य उपकरणों की खरीद प्रक्रिया पूरी कर रही है। ऐसी सामग्री विशेष रूप से नेपाली सेना की तरफ से जाने वाली संयुक्त राष्ट्र के शांति सेना के लिए है।

सेना ने 26 बख्तरबंद वाहक (एपीसी) और 94 सामरिक वाहनों की खरीद प्रक्रिया बढ़ा दी है। रूस के साथ इस तरह के सैन्य उपकरणों की खरीद का अनुबंध रद्द होने के बाद नेपाल अब चीन की नोरिन्को कंपनी से खरीदारी करने जा रहा है। नेपाली सेना के प्रवक्ता कृष्ण प्रसाद भंडारी ने दावा किया कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। हालांकि, उन्होंने कहा कि सेना जरूरी सामग्री खरीद रही है। सेना



चीन से जो सैन्य उपकरण खरीदने जा रही है उसकी कीमत तीन करोड़ डॉलर है। यह समझा जाता है कि सैन्य उपकरणों की कुल कीमत 3 करोड़ 27 लाख 88 हजार डॉलर है। विश्वस्त सूत्रों ने बताया है कि चीनी राजदूत चेन सोंग ने चीन से सैन्य उपकरण खरीदने की प्रक्रिया को लेकर नेपाल के रक्षा और सैन्य अधिकारियों से गुप्त बातचीत की थी। इस तरह की सामग्रियों की खरीद के लिए एक बड़ा कमीशन होने की वजह सरकार के करीबी हथियारों के एजेंटों और बिचौलियों की गतिविधि बढ़ गई है। चीन नेपाल में अपनी सैन्य गतिविधियां बढ़ा रहा है। नेपाली सेना के जिम्मेदारी में रहे फास्ट ट्रैक का ठेका चीनी कंपनियों को मिला है। सेना की राय के बाद सरकार ने उन कंपनियों के काम के लिए चीन से जरूरी विस्फोटक लाने की मंजूरी दी। विस्फोटक सड़क मार्ग से नेपाल में लाये गए।

## फर्जी शरणार्थी मामले में पूर्व उप प्रधानमंत्री रायमाझी गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री टोप बहादुर रायमाझी को गिरफ्तार कर लिया गया है। फर्जी भूटानी शरणार्थी बनाकर नेपाली नागरिकों को अमेरिका भेजने की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में उन्हें गुरुवार को गिरफ्तार किया गया है। नेपाल पुलिस ने बताया कि रायमाझी को भैरहवा से गिरफ्तार किया गया। रायमाझी केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सीपीएन (यूएमएल) सचिव और सांसद हैं। पूर्व माओवादी नेता रायमाझी ने जब सीपीएन टूट गया तो पुष्प कमल दहल प्रचंड को छोड़ ओली का समर्थन किया। फर्जी शरणार्थी मामले में रायमाझी के पुत्र संदीप रायमाझी, उपाध्यक्ष कार्यालय सचिव टेकनारायण पांडेय को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। साथ ही मंगलवार को नेपाल के चर्चित सुरक्षा विशेषज्ञ इंद्रजीत राई को गिरफ्तार किया गया था। पूर्व उप प्रधानमंत्री सुजाता कोइराला के निजी सचिव रहे केशव दुलाल के अलावा चार अन्य लोगों को भी इस मामले में गिरफ्तार किया गया है। फर्जी भूटानी शरणार्थियों के मामले में पुलिस ने 40 करोड़ से अधिक की ठगी की जांच तेज कर दी है।



## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की व्यवस्था पर सवाल उठाकर भारत ने की बदलाव की मांग

**न्यूयॉर्क।** भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 'शांति बनाए रखने के लिए विश्वास को बढ़ावा देने' विषय पर चर्चा के दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव की मांग की। रुचिरा कंबोज ने सुरक्षा परिषद की वर्तमान व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस व्यवस्था में पूरे अफ्रीकी महाद्वीप, लैटिन अमेरिका और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत का प्रतिनिधित्व ही नहीं है। ऐसे में सुरक्षा परिषद के पांच सदस्यों को भी अन्य के समान बनाकर इसे ज्यादा समावेशी बनाया जा सकता है। भारतीय प्रतिनिधि ने सवाल उठाया कि सुरक्षा परिषद की मौजूदा व्यवस्था असमानता को मिटाती है या फिर इसे बढ़ावा देती है? दशकों से इसमें सुधार की बात की जा रही है लेकिन हम तब तक विश्वास और शांति नहीं ला




सकते, जब तक सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता पर उठ रहे सवालों का जवाब नहीं ढूंढ लेते।'कंबोज ने कहा कि परिषद के सदस्यों को ज्यादा जवाबदेह बनाने की जरूरत है। यह संस्था ज्यादा खुली, विविधता को साथ लेकर चलने वाली होनी चाहिए, जिसमें दक्षिण का भी प्रतिनिधित्व हो।भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि सुरक्षा परिषद में विकासशील देशों को शामिल किया जाना चाहिए। जब इसमें बेजुबानों को आवाज देने की ताकत होगी, तभी यह दुनिया का नेतृत्व करने कर सकेगी। सुरक्षा परिषद में क्षेत्रीय मुद्दों को भी तरजीह देनी चाहिए और इसे क्षेत्रीय संगठनों के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि चुनौतियों से निपटा जा सके।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भव्य स्वागत की तैयारी में ऑस्ट्रेलियाई अप्रवासी भारतीय

**- मोदी 23 मई को इंडियन डायस्पोरा के आयोजन को सिडनी में संबोधित करेंगे**

**सिडनी।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी क्वाड देशों की बैठक में शामिल होने इसी माह ऑस्ट्रेलिया जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया में रहने वाले अप्रवासी भारतीय उनके भव्य स्वागत की तैयारी कर रहे हैं। मोदी 23 मई को इंडियन डायस्पोरा के आयोजन को सिडनी में संबोधित करेंगे।

भारत के प्रधान मंत्री मोदी क्वाड देशों के शिखर सम्मेलन में अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्राध्यक्षों के साथ भारत-प्रशांत क्षेत्र के विकास और पारस्परिक हित के समकालीन वैश्विक मुद्दों के बारे में विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। क्वाड सम्मेलन में समुद्री क्षेत्र, अंतरिक्ष, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य और साइबर सुरक्षा में निरंतर सहयोग पर चर्चा होगी। इस दौरान मोदी सिडनी में अप्रवासी भारतीयों के बड़े आयोजन में हिस्सा लेंगे। विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, भाषाई, व्यापारिक, व्यावसायिक और धार्मिक पृष्ठभूमि से जुड़े




इंडियन-ऑस्ट्रेलियन डायस्पोरा फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत करने के साथ विशाल कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी शुरू कर दी है। मोदी ऑस्ट्रेलिया में बसे भारतीयों को संबोधित करेंगे। 23 मई को प्रस्तावित इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए अब तक बीस हजार भारतीय पंजीकरण करा चुके हैं। 300 से अधिक प्रवासी संगठनों ने सम्मान समारोह के कार्यक्रम से जुड़ने के लिए पंजीकरण कराया है। कार्यक्रम में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाली गायन, नृत्य एवं संगीत की विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगारंग प्रस्तुतियां होंगी। सौ से भी अधिक प्रस्तुतियों के प्रस्ताव आयोजकों के पास पहुंचे हैं।

## अमेरिका में 40 अरब डॉलर निवेश कर 163 भारतीय कंपनियों ने दीं सवा चार लाख नौकरियां

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय कंपनियां लगातार निवेश कर स्थानीय लोगों को नौकरियां दे रही हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक सर्वे में बताया गया है कि अमेरिका में भारत की 163 भारतीय कंपनियों ने 40 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। इससे अमेरिका में सवा चार लाख लोगों को नौकरियां भी मिली हैं।

सीआईआई ने अमेरिकी धरती पर भारतीय मूल के लोगों द्वारा किये गए निवेश व उद्यमिता संबंधी सर्वेक्षण'इंडियन रूट्स, अमेरिकन सॉयल' की रिपोर्ट जारी की है। अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधु, भारत में अमेरिका के मनोनीत राजदूत एरिक गार्सेटी, अंतरराष्ट्रीय बाजार के सहायक वाणिज्य सचिव अरुण वेंकटरमन और सीआईआई की शुचिता सोनालिका ने आधिकारिक रूप से इस रिपोर्ट को जारी किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय कंपनियों ने अमेरिका में कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व पर लगभग 18.5 करोड़ डॉलर खर्च किए हैं। अमेरिका आधारित शोध



एवं विकास परियोजनाओं में उनका वित्तपोषण करीब एक अरब डॉलर है।

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि भारतीय कंपनियों ने अमेरिकी बाजार में अपनी जुझारू क्षमता और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने यहां निवेश बढ़ाने के साथ रोजगार का भी सृजन किया है और विभिन्न क्षेत्रों में विविधीकरण किया है। भारतीय कंपनियों द्वारा सृजित नौकरियों से लाभान्वित होने वाले शीर्ष दस राज्य टेक्सास (20,906 नौकरियां), न्यूयॉर्क (19,162 नौकरियां), न्यू जर्सी (17,713 नौकरियां), वाशिंगटन (14,525 नौकरियां), फ्लोरिडा (14,418 नौकरियां), कैलिफोर्निया (14,334 नौकरियां), जॉर्जिया (13,945 नौकरियां), ओहियो (12,188 नौकरियां), मोंटाना (9,603 नौकरियां) व इलिनॉयस (8,454 नौकरियां) हैं।

इस मौके पर बड़ी संख्या में भारतीय कंपनियों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि अमेरिका में भारतीय कंपनियां मजबूती, जुझारूपन और प्रतिस्पर्धा ला रही हैं। ये रोजगार पैदा कर रही हैं और स्थानीय समुदायों को समर्थन दे रही हैं।

## रूसी राष्ट्रपति भवन पर ड्रोन से हमला नाकाम, रूस का दावा- पुतिन को मारने का प्रयास, उक्रेन का इनकार

**ईरान।** ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एसएनएससी) के सचिव अली शामखानी ने भारत के साथ व्यापार में रियाल और रुपये का इस्तेमाल बढ़ाने का आह्वान किया। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ एक बैठक में उन्होंने कहा, द्विपक्षीय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्राओं का उपयोग करने से दोनों देश साझा आर्थिक लक्ष्य तक पहुंच सकेंगे। बैठक के दौरान डोभाल और शामखानी ने भारत-ईरान संबंधी आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा मुद्दों के साथ क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय विकास पर चर्चा की। उन्होंने कहा भारत-ईरान रिश्ते किसी भी अन्य देश के खिलाफ नहीं हैं और तीसरे पक्ष की इच्छा से प्रभावित नहीं होते हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि वैश्विक और क्षेत्रीय विकास ने ऊर्जा, परिवहन जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच बातचीत को मजबूत करने की बेहतर स्थिति बनाई है। इसमें पारगमन, प्रौद्योगिकी और बैंकिंग भी शामिल है। अजीत डोभाल ने तेहरान में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री हुसैन अमीर बदोलहियान और अपने समकक्ष अली शामखानी के साथ अलग-अलग बैठकें कीं।

# रूसी सेना का यूक्रेन पर हमला तेज, कीव से ओडेसा तक हुए धमाके

**-पुतिन पर हमले की कोशिश के आरोप के बाद रूस आक्रामक**

**-काला सागर के पास रूस की तेल रिफाइनरी में लगी भीषण आग**

**कीव।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की हत्या की कोशिश का आरोप यूक्रेन पर लगने के बाद दोनों देशों के बीच घमासान बढ़ गया है। आक्रामकता बढ़ने के साथ ही रूसी सेना ने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिये हैं, जिसके बाद यूक्रेन की राजधानी कीव से ओडेसा तक धमाके हुए।

यूक्रेन पर रूस के हमले के चौदह महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी संकट कम नहीं हो रहा है। रूसी राष्ट्रपति भवन पर ड्रोन हमले के बाद रूस ने यूक्रेन पर राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन को मारने के प्रयास का आरोप लगाया था। इसके बाद



अचानक रूसी सेना की आक्रामकता बढ़ गयी है।

यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्र में रूसी सेना की कार्रवाई तेज हो गयी है। यहां के लोगों ने गुरुवार सुबह भी धमाकों की आवाज सुनी। यूक्रेन के क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन ने कहा कि कीव में सभी एयर डिफेंस सिस्टम काम कर रहे हैं और सेना लोगों को बचाने की पूरी कोशिश कर रही है। रूस की सेना ने खेरसन में जोरदार हमले किये, जिनमें 21 लोगों की मौत हो गई। खुद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने जानकारी दी कि इन हमलों में 48 लोग घायल भी हुए हैं। यूक्रेनी अफसरों ने बताया कि रूस के हमलों में 12 लोग शहर में ही मारे गए, जबकि पास के गांवों में भी मृतकों की खोज जारी है। अब तक नौ के मारे जाने की पुष्टि हुई है। इन हमलों के बीच खेरसन में कर्फ्यू जारी है। इस बीच यूक्रेन के ड्रोन हमले से दक्षिण रूस में तेल रिफाइनरी में आग लग गई। यूक्रेन की ओर से यह हमला इल्स्की रिफाइनरी के पास हुआ, जो काला सागर बंदरगाह के करीब नोवोरोसियस्क में मौजूद है। दावा किया गया कि तेल के बड़े भंडार में आग लगी है।

इससे पहले यूक्रेन के कथित हमले के दौरान रूस के क्रीमिया क्षेत्र में एक ईंधन डिपो में आग लग गई थी। यह इलाका रूस और क्रीमिया को जोड़ने वाले पुल के काफी करीब है।

# रूसी राष्ट्रपति भवन पर ड्रोन से हमला नाकाम, रूस का दावा- पुतिन को मारने का प्रयास, उक्रेन का इनकार

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति भवन पर ड्रोन से हुए दो हमलों को नाकाम कर दिया गया है। इस हमले में किसी के हताहत की होने की खबर नहीं है। रूस ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया है, लेकिन यूक्रेन ने इस हमले में अपनी संलिप्तता से इनकार कर दिया है। इस हमले के जवाब में रूस ने यूक्रेन पर हमले तेज करने को कहा है।

रूसी अधिकारियों ने आरोप लगाया कि यूक्रेन ने बीती रात राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हत्या के लिए रूसी राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय क्रेमलिन पर ड्रोन से दो बार हमला किया गया, जिसे नाकाम कर दिया गया। क्रेमलिन ने कथित हमले के प्रयास को आतंकवादी कृत्य करार दिया और कहा कि रूसी सेना और सुरक्षाबलों ने हमले से पहले ही दोनों ड्रोन को निष्क्रिय कर दिया। रूस की सरकारी समाचार एजेंसियों ने एक बयान जारी कर



कहा कि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने बताया कि हमले के समय पुतिन क्रेमलिन में नहीं थे और नोवो-ओगारियोवो निवास से काम कर रहे थे। क्रेमलिन ने कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सुरक्षित हैं और अपने कार्यक्रम में कोई बदलाव किए बगैर काम कर रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति भवन के प्रेस सचिव ने बयान जारी कर बताया कि रूस को जब भी और जहां भी हमले का मौका मिलेगा, वह हिसाब बराबर करेगा। रूस का कहना है कि यह आतंकवाद की सुनियोजित साजिश थी, जिसका मकसद पुतिन की जान लेना था। क्रेमलिन के प्रवक्ता पेस्कोव ने कहा कि 9 मई को होने वाली सैन्य परेड अपने निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक होगी। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से कहा गया कि क्रेमलिन घटना को नौ मई को रूस में मनाए जाने वाले विजय दिवस से पहले पुतिन की हत्या के प्रयास के तौर पर देखता है। इसी बीच पुतिन की हत्या की साजिश के आरोपों के बीच यूक्रेन का कहना है कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। जेलेंस्की के प्रेस सचिव ने कहा है कि हमें क्रेमलिन पर रात में किए गए इन तथाकथित हमलों की कोई जानकारी नहीं है, लेकिन राष्ट्रपति जेलेंस्की ने बार-बार कहा है कि यूक्रेन अपने क्षेत्र की रक्षा करने के लिए तत्पर रहता है और दूसरों पर हमला नहीं करता।

## Egypt में बस और ट्रक की टक्कर में 14 लोगों की मौत, 25 घायल

**काहिरा।** दक्षिण पश्चिम मिस्र में एक राजमार्ग पर एक यात्री बस धीमी गति से चल रहे एक ट्रक से जा टकराई, जिससे कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई तथा 25 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों और स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। न्यू वैली प्रांत के गवर्नर मोहम्मद अल जमीत ने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार देर रात हुई। उन्होंने एक बयान में कहा कि इस हादसे में 25 अन्य लोग



घायल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती करवाने तथा मृतकों के शवों को मुर्दाघर ले जाने के लिए मौके पर एंबुलेंस की 17 गाड़ियां भेजी गईं। हालांकि, बयान में विस्तार से नहीं बताया गया है कि दुर्घटना किस वजह से हुई है। एक स्थानीय दैनिक समाचारपत्र अल-शोरौक की खबर में एक अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि बस सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। उन्होंने, बताया कि बस 45 यात्रियों को लेकर राजधानी काहिरा जा रही थी। गौरतलब है कि मिस्र में वाहनों की तेज रफ्तार, खराब सड़क प्रबंधन, लचर यातायात कानूनों की वजह से हर साल दुर्घटनाओं में हजारों लोगों की मौत होती है।

## Mexico ने अपना पहला कोविड-19 रोधी टीका विकसित किया

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के अधिकारियों ने घोषणा की कि देश ने अपना पहला कोविड-19 रोधी टीका विकसित कर लिया है। देश में पिछले दो साल से अधिक समय से अमेरिका, यूरोप और चीन में विकसित टीकों के जरिये राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। मेक्सिको सरकार ने पूर्व में जानवरों के लिए कई टीकों का निर्माण कर चुकी कंपनी 'एविमेक्स' के साथ मिलकर अपनी पहली कोविड रोधी वैक्सीन 'पैट्रिया' तैयार की है। 'पैट्रिया' शब्द का अर्थ 'मातृभूमि' होता है। हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि इस टीके का इस्तेमाल कब शुरू किया जाएगा। मेक्सिको में 2022 के अंत से कोविड रोधी टीके लगवाने वाले लोगों की संख्या में भारी कमी दर्ज की गई है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Fro- t Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 05 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

न्यूज फ्लैश

## आदि कैलाश यात्रा का पहला दल काठगोदाम से हुआ रवाना

**हल्द्वानी:** कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) की ओर से संचालित आदि कैलाश यात्रा आज से शुरू हो गई है। हल्द्वानी के काठगोदाम से शुरू होने वाली आठ दिवसीय यात्रा का पहला पड़ाव पिथौरागढ़ है। उच्च हिमालय क्षेत्र में लगातार बारिश और हिमपात के चलते यात्रियों के लिए यह यात्रा साहस और खूबसूरती से भरी होगी। आदि कैलाश यात्रा का पहला दल, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से 19 यात्री हैं। काठगोदाम स्थित कुमाऊं मंडल विकास निगम के गेस्ट हाउस में आदि कैलाश यात्रियों का केएमवीएन के एमडी विनीत तोमर,जीएम एपी वाजपेई ने अपने विभागीय कर्मचारियों के साथ भव्य स्वागत किया और यात्रियों से आग्रह किया कि यात्रा के दौरान उच्च हिमालय क्षेत्र में किसी भी तरह की दिक्कत होने पर वे तत्काल यात्रा गाइड को सूचित करें। यात्रियों ने बताया कि वे आदि कैलाश की यात्रा को लेकर बेहद उत्साहित हैं, उन्हें बाबा भोलेनाथ के दर्शन का सौभाग्य मिला है।

## राहुल गांधी ने की मणिपुर के लोगों से शांति की अपील

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर में हुई हिंसा पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य के लोगों से शांति की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को सामान्य स्थिति बहाल करने पर ध्यान देना चाहिए। राहुल गांधी ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि वे मणिपुर की तेजी से बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर चिंतित हैं। प्रधानमंत्री मोदी को शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने पर ध्यान देना चाहिए। हम मणिपुर के लोगों से शांत रहने का आग्रह करते हैं। उल्लेखनीय है कि कि मणिपुर में आदिवासी आंदोलन के दौरान बुधवार को राज्य के कई जिलों में हिंसा भड़क गई, जिसके बाद राज्य सरकार ने अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं। इसके अलावा इंफाल पश्चिम, काकचिंग, थौबल, जिरिबाम, बिष्णुपुर, चुराचांदपुर, कांगपोकपी और तेंगनौपाल जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। राज्य में मैतेई समुदाय को एसटी श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग के विरोध में कल एक रैली का आयोजन हुआ था। ऑल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर ने इस रैली का आयोजन किया था। इस दौरान हिंसा भड़क गई। प्रदर्शनकारियों ने कई घरों में तोड़फोड़ की। इस दौरान तोरबंग इलाके में आदिवासियों और गैर-आदिवासियों के बीच हिंसा भड़क गई, जिसके बाद कई और जिलों से भी हिंसा की खबरें आई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे।

# कर्नाटक: आपराधिक केस वाले प्रत्याशियों की भरमार

### 581 यानी लगभग 22% प्रत्याशी ऐसे हैं जिनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं: एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स

रिपोर्ट

**गगनचुंबी वादों के साथ-साथ इन पार्टियों को दबंग और करोड़पति प्रत्याशियों की भी दरकार रहती है**



**टीम एक्शन इंडिया/बंगलुरू**
**राजनीति** में अपराधियों की पैठ को रोकने के लिए जाने कब से बहस चल रही है। कितने ही प्रयास हो चुके, लेकिन कोई भी राजनीतिक पार्टी इस तरफ कोई विचार नहीं करना चाहती। कोई निर्णय नहीं लेना चाहती। दरअसल, लुभावनी घोषणाओं और गगनचुंबी वादों के साथ-साथ इन पार्टियों को दबंग और करोड़पति प्रत्याशियों की भी दरकार रहती है। अगर आज के संदर्भ में बिना लाग-लपेट के कुछ कहा जाए तो सार यह सामने आता है कि राजनीति अब डर और पैसे के दंभ का व्यवसाय हो गया है। एक जमाना था जब एक धोती-कुर्ता में लोग चुनाव लड़ लेते थे और जीत भी जाया करते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। लोकसभा और विधानसभा तो छोड़िए, नगर निगम का चुनाव लड़ने में भी अब करोड़ों फूंक दिए जाते हैं। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ( एडीआर) के आँकड़ों के अनुसार कर्नाटक में जो चुनाव होने जा रहे हैं, उनमें खड़े कुल 2615 प्रत्याशियों में राष्ट्रीय पार्टियों के 790, राज्य स्तरीय पार्टियों के 255, रजिस्टर्ड पार्टियों के 640 और 901 निर्दलीय प्रत्याशी हैं। ADR के अनुसार कर्नाटक में जो चुनाव होने जा रहे हैं, उनमें राष्ट्रीय पार्टियों के 790 प्रत्याशी हैं। ये तो हुए पार्टी स्तर के आँकड़े, चौंकाने वाले आँकड़े आगे हैं। इनके अनुसार 581 यानी लगभग 22% प्रत्याशी ऐसे हैं जिनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनके अलावा 404 यानी सोलह प्रतिशत प्रत्याशी तो ऐसे भी हैं जिनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## विधानसभा चुनाव: छोटे दल बन सकते हैं जीत में बाधक

**टीम एक्शन इंडिया/ बेंगलुरू/हासन/मंगलुरू**
**कर्नाटक** में सीधी टक्कर भाजपा और कांग्रेस के बीच है। तीसरी ताकत खऊर की चिंता राज्य में छोटे दलों ने बढ़ा दी है। ये दल इन तीनों दलों के चुनावी प्रचार को खासा प्रभावित कर रहे हैं। राज्य में आम आदमी पार्टी, बसपा, उत्तम प्रजाकिया पार्टी, वामपंथी दल, कर्नाटक राष्ट्र समिति, कल्याण राज्य प्रगति पक्ष जैसे छोटे दलों ने बड़ी संख्या में अपने प्रत्याशी उतारे हैं। आप पिछले चुनाव में जहां सिर्फ 28 सीट पर चुनाव लड़ी थी इस बार 213 सीट पर लड़ रही है। बसपा का पिछले चुनाव में जेडीएस के साथ गठबंधन था, लेकिन इस बार पार्टी अकेले 137 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। हालांकि, भाजपा और कांग्रेस की असली चिंता कर्नाटक



मूल के स्थानीय छोटे दलों से हैं। कर्नाटक राष्ट्र समिति ठीक उसी थीम पर चुनाव लड़ रही है जिस भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आप ने दिल्ली में आगाज किया था। इस पार्टी के कार्यकर्ता अधिकारियों और कर्मचारियों के रिश्वत लेने के वीडियो और दूसरे सबूत सार्वजनिक करते आए हैं। इसी तरह कल्याण कर्नाटक क्षेत्र (बेल्लारी) में भाजपा के विधायक रहे जी. जनार्दन रेड्डी की पार्टी कल्याण राज्य प्रगति पक्ष ने 49 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं।

सीधी टक्कर

**आप पिछले चुनाव में जहां सिर्फ 28 सीट पर चुनाव लड़ी थी इस बार 213 सीट पर लड़ रही है**

**फिल्म स्टार उपेंद्र की पार्टी की महिला, युवाओं में पैठ:** कन्नड फिल्म स्टार उपेंद्र की उत्तम प्रजाकिया पार्टी चुनाव मैदान में हैं।
इस पार्टी के प्रत्याशी युवा और महिलाओं के बीच अच्छी पैठ रखने के लिए जाने जाते हैं। मुख्य दलों को असली चिंता यह है कि यदि दो प्रत्याशियों के बीच वोटों का अंतर कम हो तो ऐसे में 1,000 से लेकर 10,000 वोट खींच लिए तो उनकी संभावनाओं पर असर हो सकता है।

## छग में सड़क हादसा, 11 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/बालोद/ धमतरी/कांकेर**
छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में बुधवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के 11 लोगों की मौत हो गई है। सभी शादी समारोह में बोलेरो से जा रहे थे। रास्ते में ट्रक ने गाड़ी को टक्कर मार दी। इसके चलते मौके पर ही सभी की मौत हो गई। एक घायल डेढ़ साल की बच्ची ने रायपुर ले जाते वक्त दम तोड़ा है। सीएम बघेल ने मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपए मुआवजे का ऐलान किया है। जानकारी के मुताबिक, धमतरी जिले के सोरेम गांव का साहू परिवार कांकेर जा रहा था। बुधवार रात को करीब

भीषण हादसा

**फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है। हादसा इतना जबरदस्त था कि एक पुरुष का सिर कटकर अलग हो गया**

9.30 बजे इनकी गाड़ी नेशनल हाईवे-30 पर बालोद के जगतरा पहुंची। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक ने बोलेरो को टक्कर मार दी। मौके पर ही एक बच्चे, 5 महिला और 4 पुरुषों की मौत हो गई। फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है। हादसा इतना जबरदस्त था कि एक पुरुष का सिर कटकर अलग हो गया। पास बैठी महिला रो रही थी।



रूस के विदेश मंत्री और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर चर्चा में भाग लेते हुए।

## मणिपुर में हिंसा: बॉक्सर मैरी कॉम ने मांगी केन्द्र से मदद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मणिपुर** में मैतेई समुदाय को एसटी श्रेणी में शामिल करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन में भड़की हिंसा को लेकर बॉक्सर और पूर्व राज्यसभा सांसद मैरी कॉम काफी चिंतित हैं। मणिपुर राज्य में ये सब होते देख भारतीय महिला मुक्केबाज मैरी कॉम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मदद मांगी है। मैरी कॉम ने ट्वीट करके कहा कि अभी हालात बहुत खराब हैं। इसलिए वह अच्छा महसूस नहीं कर रही हैं। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार से इसके लिए कदम उठाने और राज्य में शांति और सुरक्षा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस हिंसा में कुछ लोगों ने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया। मैतेई समुदाय को एसटी श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग के विरोध में तीन मई को रैली का आयोजन हुआ था।

मदद की अपील

**मैरी कॉम ने ट्वीट करके कहा कि अभी हालात बहुत खराब हैं। इसलिए वह अच्छा महसूस नहीं कर रही हैं**

## एससीओ बैठक: गोवा पहुंचे पाक-चीन के विदेश मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/गोवा**
**चीन** और पाकिस्तान के विदेश मंत्री शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शामिल होने गुरुवार को गोवा पहुंचे। यहां विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव पहले ही गोवा पहुंच चुके हैं। चीनी विदेश मंत्री किन गांग का विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) शिल्पक अंबुले ने स्वागत किया। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भूट्टो का स्वागत मंत्रालय में संयुक्त सचिव जेपी सिंह ने किया। अपने आगमन पर मीडिया से बात करते



हुए पाकिस्तान के विदेश मंत्री भुट्टो ने कहा कि वह एससीओ की बैठक में शामिल होने के लिए गोवा पहुंचने पर काफी खुश हैं। उन्हें उम्मीद है कि विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक सफल होगी। उल्लेखनीय है कि बिलावल भुट्टो 12 वर्षों में भारत का दौरा करने वाले पहले पाकिस्तानी विदेश मंत्री हैं। जानकारी के अनुसार एसीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक में जुलाई में होने वाले शिखर सम्मेलन के लिए एजेंडा तैयार किया जाएगा। इसमें सुरक्षा, व्यापार और वाणिज्य में सहयोग को बढ़ावा देने के उपाय शामिल हैं। इस बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का एक बयान आया है।
उन्होंने कहा है कि भारत में एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने का पाकिस्तान का निर्णय एससीओ चार्टर और बहुपक्षवाद के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## भारत-श्रीलंका ने द्विपक्षीय चर्चा की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
श्रीलंका की यात्रा के दूसरे दिन गुरुवार को भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से मुलाकात करके द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने गण्यमान्य व्यक्तियों और सैन्य अधिकारियों के साथ अपनी बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों को बढ़ाने पर सार्थक चर्चा की। उन्होंने भारतीय शांति रक्षा सेना (आईपीकेएफ) स्मारक पर माल्यार्पण कर भारतीय सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया। भारतीय वायुसेना ने

मुलाकात की

**भारतीय शांति रक्षा सेना स्मारक पर माल्यार्पण कर भारतीय सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया**

गुरुवार को अपने ट्वीट में भारतीय वायुसेना प्रमुख की श्रीलंकाई सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की जानकारी दी और लिखा, 'सीएएस एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी श्रीलंका दौरे के दूसरे दिन प्रधान मंत्री दिनेश गुणावर्धने से मिले और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने रक्षा सचिव जनरल (सेवानिवृत्त) कमल गुणरत्ने, सीडीएस जनरल शैवेंद्र सिल्वा और श्रीलंकाई सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल विकम लियानगे के साथ भी बातचीत की। बातचीत के दौरान वायु सेना प्रमुख ने भारत और श्रीलंका के बीच सैन्य संबंधों को बढ़ाने पर चर्चा की। दोनों देशों के बीच सैन्य संबंधों को बढ़ाने पर भी सार्थक चर्चा हुई। वायु सेना प्रमुख चौधरी ने यात्रा के पहले दिन राष्ट्रपति, रक्षा राज्य मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ-साथ श्रीलंकाई वायु सेना और नौसेना के कमांडरों से मुलाकात की।

## राजस्थान: 11 सड़कों के लिए 79 करोड़ की मंजूरी

**जयपुर:** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में 11 सड़कों के निर्माण के लिए 79 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। इससे 63.88 किलोमीटर लंबाई के सड़क विकास कार्य किए जाएंगे। इन कार्यां में एनएच 79 से चरलिया ब्राहमण-कोटडी कलां-रीछमाला होते हुए एनएच-113 तक (16.50 किमी), भरतपुर जिले में करौली मासलपुर सड़क से उ.प्र. बॉर्डर तक (11 किमी), बाड़मेर जिले में रिफायनरी गेट नंबर 3 से एनएच 25 तक दो लेन सड़क (1.83 किमी), हनुमानगढ़ जिले में निमलाई से चौबारा (3.5 किमी) तथा भानगढ़ से रामसरा (4 किमी) सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं।




सीएम का दावा

### सिद्धार्थ नगर में विकास बुलेट ट्रेन से से भी तेज गति से हो रहा है

## उत्तर प्रदेश का तेजी से हो रहा विकास: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थनगर जिला** कारागार के सामने मैदान में नगर पालिका परिषद सिद्धार्थ नगर से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार गोविंद माधव के समर्थन में आयोजित चुनावी जन सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नीति आयोग ने देश के 112 जनपदों को आकांक्षी जिले के रूप में चिन्हित किया था। जिसमें सिद्धार्थ नगर जनपद भी शामिल है। यहां का विकास बुलेट ट्रेन से से भी तेज गति से हो रहा है। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थ नगर ने स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा,स्किल डेवलपमेंट,चमचमाती सड़क हर



क्षेत्र में प्रगति किया है। यहाँ का काला नमक चावल वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ रहा है।उन्होंने कहा कि 2014 के पहले प्रदेश में अराजकता के तांडव का माहौल था।केवल घोषणाएं होती थीं,विकास कार्य कागजों में ही सिमट कर रह जाते थे, लेकिन आज भारत वैश्विक मंच पर गौरव बढ़ा रहा है। कोरोना काल खंड से भाजपा सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रही है।दुनिया के लिए यह कौतूहल व आश्चर्य का विषय बना हुआ है।हमने 2 करोड़ 61 लाख लोगों को शौचालय तथा 15 करोड़ गरीबों को राशन की सुविधा दी है। हम विकास सबका करेंगे लेकिन चेहरा देख कर नहीं ।हम तुष्टिकरण नहीं करेंगे,विकास करेंगे। क्या कोई पहले यह सोचता था कि सिद्धार्थ नगर में मेडिकल कॉलेज,केंद्रीय विद्यालय होगा।हमने भाजपा के पहले प्रदेश अध्यक्ष पं. माधव प्रसाद त्रिपाठी उर्फ माधव बाबू के नाम से जिला मुख्यालय पर मेडिकल कॉलेज बनवाया।अब किसी भी व्यक्ति का इलाज करवाने के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है।